




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 271 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 03 जुलाई 2025 डाक 04 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

मंडी में बादल फटने से भारी मलबा आने और भूस्खलन के बाद क्षतिग्रस्त मकान का दृश्य





**देश-विदेश**

बाबा बर्फानी के दर्शन आज से शुरू, बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा कश्मीर, पहलगाम और बालटाल से तय होगी यात्रा





**फीचर पेज**

एक्वेरियम में रखना चाहते हैं बेट्टा मछली? खरीदने से पहले जान लें ये बातें




# भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर उलझन खत्म, 48 घंटों के भीतर होगा बड़ा समझौता!

**नईदिल्ली, 03 जुलाई [एजेंसी]।**



भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अगले 48 घंटों में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। इस डील को लेकर दोनों देशों के बीच वाशिंगटन में बातचीत का दौर जारी है। भारत के व्यापार प्रतिनिधि समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए अभी कुछ और दिन वाशिंगटन में रहेंगे। 9 जुलाई से पहले दोनों देश ट्रेड डील करना चाहते हैं, क्योंकि इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति भारत से अमेरिका आने वाले सामानों पर हाई टैरिफ लगाना शुरू कर देंगे। सूत्रों के हवाले से कहा कि अमेरिका भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्रों के लिए अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव डाल रहा है। हालांकि, ग्रामीण आजीविका और खाद्य सुरक्षा चिंताओं के कारण नई दिल्ली के लिए यह क्षेत्र लंबे समय से रेड लाइन बना हुआ है। भारत के लिए इस पर समझौता करना बेहद मुश्किल है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट छापी है कि भारत के व्यापार प्रतिनिधि प्रमुख कृषि और डेयरी मुद्दों पर समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका में उगाए गए जेनेटकली मॉडिफाइड या हाइब्रिड मक्का, सोयाबीन, चावल और गेहूं पर भारत के अंदर टैरिफ कम करना अस्वीकार्य है। इसी साल 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लिबरेशन डे करार देते हुए तमाम देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का एलान किया था।

ट्रंप ने अमेरिका में आने वाले सामानों पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। हालांकि, ट्रंप ने फिर व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए समय निकालने दिया और टैरिफ को अस्थायी रूप से 10त्न तक कम कर दिया गया था। इस बीच भारत और अमेरिका के बीच बहुत जल्द व्यापार समझौता होगा, इसे लेकर ट्रंप ने भी बात कही थी। उन्होंने एअरफोर्स वन पर रिपोर्टरों से बात करते हुए कहा था कि वह भारत के साथ एक समझौते पर पहुंच सकते हैं जो दोनों देशों के लिए टैरिफ में कटौती करेगा और अमेरिकी कंपनियों को भारत के 1.4 बिलियन उपभोक्ताओं के बाजार में कंपीट करने में मदद करेगा।

## केजरीवाल ने गुजरात में भाजपा और कांग्रेस के बीच गुप्त सांठगांठ का आरोप लगाया

**अहमदाबाद।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अहमदाबाद में पार्टी सदस्यता अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दल गुप्त रूप से मिलकर काम कर रहे हैं। समर्थकों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने गुजरात में दोनों दलों के बीच संबंधों पर सवाल उठाते हुए एक भड़काऊ उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस और भाजपा के बीच क्या संबंध है। क्या यह भाई-बहन का रिश्ता है या पति-पत्नी का। यह प्रेमियों का रिश्ता है। वे समाज के डर से छिपकर मिलते हैं। समाज उनकी शादी को स्वीकार नहीं करता। उन्होंने दोनों दलों पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाया और दशकों के कुशासन के लिए उनकी कथित मिलीभगत को जिम्मेदार ठहराया।

# घाना में पीएम मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान, राष्ट्रपति महामा ने किया सम्मानित



**अक्कारा, 03 जुलाई [एजेंसी]।**

अफ्रीकी देशों के दौरे पर गए पीएम मोदी को घाना में द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। राजधानी अक्करा में एक कार्यक्रम के दौरान देश के राष्ट्रपति महामा ने पीएम मोदी को सम्मानित किया। घाना में द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, घाना के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है.. पीएम मोदी ने कहा, मैं 1.4 अरब भारतीयों की ओर से विनम्रतापूर्वक यह सम्मान स्वीकार करता हूं।

मैं यह पुरस्कार हमारे युवाओं की आकांक्षाओं, उनके उज्ज्वल भविष्य, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं तथा भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित करता हूं। बीते तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री ने पहली घाना यात्रा की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री को यह पुरस्कार उनकी उत्कृष्ट राजनीतिज्ञता और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि घाना की उनकी ऐतिहासिक राजकीय यात्रा भारत-घाना संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह भारत-घाना के बीच गहरे और दीर्घकालिक संबंधों का प्रमाण है। 21 तोपों की सलामी के साथ पीएम मोदी का स्वागत अद्भुत रहा। अकरा के कोटोका इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा ने 21 तोपों की सलामी के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इसके बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घाना के राष्ट्रपति ने द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया। यह घाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। इसके साथ ही पीएम मोदी को मिलने वाले अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों की संख्या 24 हो गई है। पीएम मोदी ने इस सम्मान को युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, उनकी आकांक्षाओं, देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और भारत-घाना के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित किया है।

## भारत में पाकिस्तानी हस्तियों के एक्स अकाउंट पर फिर लगाया बैन

**नईदिल्ली, 03 जुलाई [एजेंसी]।**

भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान की कई नामी हस्तियों के सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई की है। भारत ने गुरुवार को सभी पाकिस्तानी एक्स हैंडल्स को फिर से ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा यूट्यूब चैनल्स पर भी प्रतिबंध जारी है। सूत्रों के अनुसार, यह कदम भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब चैनलों पर सख्ती बढ़ा दी थी। हालांकि, कुछ पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल्स और सोशल मीडिया अकाउंट्स को जुलाई की शुरुआत में कुछ समय के लिए अनब्लॉक किया गया था, लेकिन अब ताजा जानकारी के मुताबिक, सभी पाकिस्तानी एक्स हैंडल्स फिर से ब्लॉक कर दिए गए हैं। इसके साथ ही, यूट्यूब पर भी पाकिस्तानी कंटेंट तक पहुंच पूरी तरह से प्रतिबंधित है। सरकार की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह निर्णय देश में चल रहे सुरक्षा उपायों और डिजिटल प्रोपेगेंडा को रोकने के लिए लिया गया है।

# माफी मांगें फडणवीस..., दिशा सालियान केस में आदित्य ठाकरे को मिली क्लीन चिट तो सीएम पर बरसे संजय राउत



**मुंबई, 03 जुलाई [एजेंसी]।**

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान के सुसाइड केस में शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे को क्लिन चिट मिल गया है। मुंबई पुलिस ने हाईकोर्ट में दाखिल हलफनामे में दावा किया है कि मेडिकल और वैज्ञानिक सबूतों से यह साबित नहीं हुआ है कि दिशा सालियान की हत्या की गई थी या उनके साथ किसी तरह का यौन उत्पीड़न किया गया था।इस मामले में शिवसेना ठाकरे गुट के विधायक आदित्य ठाकरे पर भी आरोप लगे थे। दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस ने हलफनामा दाखिल किया है। मुंबई पुलिस ने हाईकोर्ट में दावा किया है कि हलफनामा मेडिकल और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर यह साबित नहीं करता है कि दिशा सालियान की हत्या की गई थी या उनका किसी भी तरह से यौन उत्पीड़न किया गया था। पुलिस ने हलफनामे में यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं के आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई सबूत नहीं है कि दिशा की हत्या की गई थी और शिवसेना (ठाकरे गुट) के विधायक आदित्य ठाकरे हत्या में शामिल थे।

# शादी समारोह में ईडी की रेड महादेव सट्टेबाजी में लिप्त दूल्हा फरार



**रायपुर।** महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में रायपुर की ईडी टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। जयपुर के कूकस स्थित फाइव स्टार होटल फेयर माउंट में हुई एक भव्य शादी में ईडी ने छापेमारी की है. इस शादी में करीब 200 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे थे और दुबई से लेकर भिलाई-रायपुर तक के 250 से ज्यादा मेहमान पहुंचे थे। ईडी ने वहां अईय्याशी कर रहे 3 मेहमानों को गिरफ्तार किया है, जबकि दूल्हा वहां से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, जयपुर में सौरभ अहूजा की शाही शादी थी। सौरभ और उसका साथी हनी अहूजा पहले भोपाल में मामूली हालात में रहते थे। लेकिन महादेव सट्टा नेटवर्क से जुड़ने के बाद दोनों ने दुबई में कारोबार संभालना शुरू किया. किराए के मकान में रहने वाला सौरभ मंगलवार को शाही ढंग से 200 करोड़ खर्च कर शादी कर रहा था। इस दौरान ईडी ने दबिश दी। सौरभ को भनक लगते ही उसने हड़बड़ी में 7 फेरे लिए और वहां से फरार हो गया।






# भारत को इस्लामी राष्ट्र बनाने की थी साजिश, पीएफआई मामले में एनआईए ने सज्जाद के विरुद्ध दर्ज की चार्जशीट



**पटना 03 जुलाई।** देश विरोधी गतिविधियों का संचालन करने वाली पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पूरक चार्जशीट दाखिल की है। बुधवार को पीएफआई के सक्रिय कैडर मो. सज्जाद आलम के खिलाफ पटना की विशेष अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया गया। उस पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए दुबई से बिहार में अवैध धन भेजने का आरोप है। एनआईए की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी चंपारण जिले के सज्जाद आलम को इस साल जनवरी में दुबई (यूएई) से आने पर नई दिल्ली हवाई अड्डे पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) या यूएपी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था।

## दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी वियना में रोकने के बाद की गई रद्द

**नईदिल्ली।** दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। वियना में ईंधन भरने के लिए फ्लाइट के ठहराव के बाद खराबी का पता चला। इसके बाद फ्लाइट को रद्द कर दिया। एयरलाइन ने विमान से वॉशिंगटन के लिए यात्रा कर रहे यात्रियों को वियना में उतारकर वैकल्पिक सुविधा के जरिये यात्रा कराई गई। साथ ही पूर्ण धनवापसी की पेशकश की गई। इसके अलावा एअर इंडिया की वॉशिंगटन डीसी से वियना के रास्ते नई दिल्ली आने वाली फ्लाइट को भी रद्द कर दिया गया।

# ट्रक-ट्रेलर की टक्कर, जिंदा जले 2 लोग



**जयपुर।** जयपुर से एक दिल दहला देने वाली खबर आई है। दूदू इलाके में नेशनल हाईवे 48 पर गुरुवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोग जिंदा जल गए। जिस तरह से यह हादसा हुआ, उससे राहगीर और प्रत्यक्षदर्शी दंग रह गए। दूदू थाना पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों के लिए यह मंजर अविस्मरणीय अनुभव बन गया, क्योंकि जलती कार में फंसे दोनों व्यक्तियों की चीखें हर किसी का दिल दहला रही थीं। दोनों जले हुए शवों को दूदू के उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं, इस हादसे के बाद हाईवे पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया और कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन बुलाकर घंटों मशक्कत के बाद सड़क खुलवाई। घटना की पुष्टि करते हुए दूदू एसएचओ मुकेश कुमार ने बताया कि नेशनल हाईवे 48 पर पडासोली गांव के पास एक ट्रक ने अपने आगे चल रहे ट्रेलर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक के इंजन वाले हिस्से में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। दुखद बात यह रही कि हादसे के बाद ट्रक में बैठे दोनों व्यक्ति केबिन में ही फंस गए। आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिला और दोनों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायेंः- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## म्यांमार में सुबह-सुबह 4.1 की तीव्रता से कांपी धरती, भूकंप के झटकों से दहशत में आए लोग

**म्यांमार।** म्यांमार में गुरुवार को सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर



पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 मापी गई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आए गए और अपने घरों से बाहर आ गए। सड़कों पर लोगों के बीच अफरातफरी देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार, गुरूवार सुबह 6.10 बजे आए भूकंप का केंद्र 10 किमी की उथली गहराई पर था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया भूकंप का केंद्र उथली गहराई पर था, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील है।

# कलेक्टर ने एतमानगर के निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का किया औचक निरीक्षण

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में यह परियोजना शासन की एक बड़ी पहल

## आपसी समन्वय और समयबद्ध प्रयासों से निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के दिए निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के एतमानगर में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना की वर्तमान प्रगति, निर्माण की समय-सीमा, कार्य में आ रही बाधा एवं समाधान संबंधी उपायों की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री टी आर भारद्वाज, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने मल्टीविलेज स्कीम परियोजना अंतर्गत निर्माण किए जा रहे 285 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले इस संयंत्र का निर्माण कार्य पूर्ण होने की अनुमानित समय सीमा की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो एवं निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने निर्माण कार्य मे आने वाली तकनीकी या अन्य समस्या के सम्बंध में अविलम्ब जानकारी देने की बात कही। जिससे समय रहते समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी पहल है, जिससे जनस्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार आएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय और समयबद्ध प्रयासों से यह कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। गौरतलब है की एतमानगर समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन इस संयंत्र की जल शुद्धिकरण क्षमता 285 लाख लीटर प्रतिदिन है। लगभग 385 करोड़ की लागत से तैयार की जा रही इस परियोजना के माध्यम से 03 विकासखंडों के 245 गांवों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। योजना के तहत बागों बांध से जल लाकर



शोधन केंद्र में शुद्ध कर 742 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के जरिये 3 विकासखंडों के 245 गांवों में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। योजना के अंतर्गत 8 एमबीआर जल टंकियों का निर्माण किया जा रहा है,

# विद्यार्थियों की बढ़ेगी पहचान नियमित शिक्षक से पढ़ाई हुई आसान

## युक्ति युक्तकरण से सुदूरवर्ती गाँव सांचरबहार के शिक्षकविहीन स्कूल को मिला शिक्षक



**कोरबा ।** इस गाँव में शिक्षा की मशाल जल चुकी है...स्कूल खोलकर यहाँ के विद्यार्थियों को शिक्षा से न सिर्फ जोड़ा जा चुका है..अब वर्षों से शिक्षकविहीन इस विद्यालय में नियमित शिक्षक की नियुक्ति से विद्यार्थियों के साथ गाँव के लोगों में खुशियों का वातावरण है। शिक्षकविहीन की श्रेणी में आने वाले इस विद्यालय में राज्य शासन के फैसलों के बाद अतिशेष शिक्षको के युक्ति युक्तकरण की अपनाई गई प्रक्रिया ने यहाँ ज्ञान की नई रोशनी और उम्मीदों का दीया जला दिया है। कोरबा ब्लॉक के सुदूरवर्ती ग्राम सांचरबहार ग्राम पंचायत नकिया का आश्रित ग्राम है। इस विद्यालय में वर्षों से नियमित शिक्षक पदस्थ नहीं था। स्कूल खुलने के साथ ही गाँव के लोगों की आस थी कि उनके बच्चे भी सही ढंग से पढ़ाई कर पाएंगे, दुर्भाग्यवश उनकी आस अधूरी ही थी, क्योंकि नियमित शिक्षक नहीं होने का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ता था। गाँव में रहने वाली वृद्धा मैसो बाई खुश है कि स्कूल को नियमित शिक्षक मिल गया है अब उनका नाती-नतिनी ठीक से पढ़ाई कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि रिया और आशीष विद्यालय जाते हैं। गाँव की महिला राजकुमारी बाई ने बताया कि उनका बेटा प्रमेन्द्र स्कूल जाता है। पहले आसपास के विद्यालयों से किसी शिक्षक को स्कूल भेजकर काम चलाया जाता था। अब नियमित शिक्षक आ जाने से हम सभी खुश है कि हमारे गाँव के स्कूल और बच्चों की नई पहचान बनेगी और उनकी पढ़ाई भी आसान होगी। युक्ति युक्तकरण से इस विद्यालय में नियुक्त सहायक शिक्षक श्री शेखरजीत टंडन ने बताया कि विद्यालय शहर से बहुत दूर है और अभी नई नियुक्ति के साथ ही लेमरू में ठहरने की व्यवस्था कर वहाँ से नियमित विद्यालय आते हैं। उन्होंने बताया कि बारिश में आवागमन थोड़ा चुनौती है, आने वाले समय में रास्ता पक्का हो जाने के साथ ही समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि युक्ति युक्तकरण के काउंसिलिंग प्रक्रिया में उन्होंने इस विद्यालय का चयन किया है। विद्यालय में अभी 11 बच्चे दर्ज है और उन्हें खुशी है कि सुदूरवर्ती गाँव सांचरबहार के विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने का उन्हें अवसर मिला। उन्होंने बताया कि इससे पहले दूरस्थ क्षेत्र श्यांग के स्कूल में भी पदस्थ रहकर अध्यापन कर चुके हैं,

# डीएपी के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट एवं एनपीके उर्वरक बेहतर

**कोरबा ।** वर्षा प्रारंभ होते ही जिले में कृषि कार्य जोरो पर है। मौसम की अनुकुल परिस्थिति को देखते हुए इस वर्ष अच्छी फसल होने की संभावना है। जिले में किसानों को सहकारी समितियो के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के डॅबल लॉक एवं सहकारी समितियों में यूरिया 846, डी.ए.पी. 318, एम.ओ.पी. 64, एस.एस.पी. 449 एवं एन.पी.के. 73 मेट्रिक टन की उपलब्धता है। इसी प्रकार जिले की समितियों मे अब तक कुल 9602 मेट्रिक टन उर्वरक भंडारण कराया जाकर अद्यतन 8183 मेट्रिक टन उर्वरकों का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। कृषकों के द्वारा डी.ए.पी के उपयोग को अधिक प्राथमिकता दिया जाता है जबकि इस वर्ष में डी.ए.पी. के सीमित आवक के कारण डी.ए.पी. के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरक यथा सिंगल सुपर फास्फेट, एनपीके 20:20:0:13, 12:32:16, लिक्विड एन.पी.के., नैनो डी.ए.पी. का पर्याप्त भंडारण जिले में किया जा रहा है। डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में इन उर्वरकों का उपयोग कर कृषक अधिक उपज प्राप्त कर सकते है। एनपीके 20:20:0:13 अमोनियम फास्फेट सल्फेट उर्वरक में नाइट्रोजन 20 प्रतिशत, फास्फोरस 20 प्रतिशत एवं सल्फर 13 प्रतिशत उपलब्ध होता है। उर्वरक में सल्फर की उपलब्धता होने के कारण फसलों में क्लोरोफिल एवं प्रोट्रीन का निर्मा ण में महत्व पूर्ण भूमिका निभाती है तथा फसलों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। संतुलित पोषक तत्वों की पूर्ति से फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। सिंगल सुपर फॉस्फेट में स्फूर की मात्रा 16 प्रतिशत के साथ-साथ सल्फर 11 प्रतिशत एवं कैल्सियम 21 प्रतिशत होने के कारण मृदा अम्लीयता को सुधार कर फसलों के जड़ का विकास कर पोषक तत्वों के उपलब्धता को बढ़ाती है। धान के पकने की अवधि के आधार पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा डी.ए.पी. उर्वरक के स्थान पर अन्य उर्वरकों के साथ संतुलित मात्रा तैयार किया गया है। जिसके उपयोग से फसलों की उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। शासन के दिशा निर्देशानुसार उर्वरक विक्रय हेतु पी.ओ.एस. मशीन की अनिवार्यता एवं निर्धारित दर पर उर्वरकों का विक्रय सुनिश्चित करने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया है। कृषकों से अपील की गई है कि नत्रजन एवं स्फूर उर्वरकों के साथ-साथ म्यूरेट ऑफ पोटाश का उपयोग अवश्य करें, जिससे फसलों में कीड़े बिमारी की समस्या अपेक्षाकृत कम आती है। साथ ही जिंक ईडीटीए एवं बोरॉन का छिड़काव निर्धारित अनुपात में अवश्य करें जिससे फसलों की गुणवत्ता एवं उपज में वृद्धि से किसान भाई अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकते है।

# अब पर्यावरण बना ऊर्जा का साथी, न बिजली जाती है, न जेब पर भार पड़ता है

## हर दिन सूरज से ऊर्जा, हर महीने बचत की गारंटी

**कोरबा ।** ऊर्जा क्रांति की दिशा में लिए गए दूरदर्शी निर्णय आज आमजन के जीवन में राहत, सुकून और स्थायित्व का नया उजास भर रहे हैं। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की ऐसी जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाएं अब केवल विकास की कहानियाँ नहीं, बल्कि आम परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली वास्तविकताएं बन चुकी हैं। ये योजनाएं न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी ठोस कदम साबित हो रही हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने देशभर में लाखों परिवारों को राहत दी बल्कि परिवारों को खुशियां दी जिसमें बिजली के साथ बचत भी है, और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बचत बड़ी बात है। यह योजना केवल पर्यावरणीय संरक्षण और स्थायी ऊर्जा के भी उपयोग की ओर एक सशक्त कदम भी है।कोरबा जिले के डीडीएम रोड निवासी श्री आयुष अग्रवाल की कहानी इस योजना के जीवंत उदाहरण है। कभी बिजली का बिल श्री आयुष अग्रवाल के लिए एक चिंता का विषय था। डीडीएम रोड पर स्थित उनके घर में भारी बिजली की खपत है वो बताते है उनका संयुक्त परिवार है जिसमें सब एक साथ रहते है और सभी प्रकार के घरेलू उपकरणों का उपयोग किया जाता है जिससे बिल ज्यादा आता था। घर की मासिक बजट व्यवस्था प्रभावित होती थी। आयुष बताते हैं, पंखा, कूलर, फ्रिज और ए.सी जैसे जरूरी उपकरण के उपयोग





से बिजली की खपत ज्यादा होती थी। उनके यहां आम दिनों में भी 7 सौ यूनिट की खपत रहती ही है, गर्मियों में ये 12 सौ से 13 सौ तक हो जाती है।प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में उन्हें उनके अपने जीजा जी से जानकारी मिलने के बाद आयुष ने योजना का लाभ लेने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने ताऊ जी के नाम से आवेदन कर 10 किलोवाट का पैनल लगवाया, योजना के तहत उन्हें सौर ऊर्जा पैनल लगवाने के लिए सब्सिडी प्रदान की गई। आवश्यक प्रक्रिया जिला प्रशासन कोरबा और ऊर्जा विभाग की सहायता से सुचारू रूप से पूर्ण की गई और उनके घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर दिए गए। सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी और तकनीकी मार्गदर्शन से मुझे पूरा भरोसा मिला। अब आयुष के घर का बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। पहले जहां हर महीने हजारों रुपये खर्च होते थे, अब वही पैसा बचत के रूप में जमा हो रहा है। इससे उन्हें मानसिक और आर्थिक दोनों ही स्तरों पर राहत मिली है। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि इससे पर्यावरण को भी काफी लाभ हुआ है। आयुष कहते हैं, अब मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं प्रदूषण फैलाने वाले साधनों पर निर्भर नहीं हूं। हम पूरी तरह सौर ऊर्जा पर चल रहे हैं, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा का बेहतरीन स्रोत है।प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने आयुष जैसे हजारों लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया है। अब वे न केवल अपनी जरूरत की बिजली स्वयं उत्पन्न कर रहे हैं, बल्कि आवश्यकता से अधिक उत्पादन होने पर बिजली को ग्रिड में भेजने की योजना पर भी विचार कर रहे हैं। यह योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि एक नई ऊर्जा क्रांति है जो आर्थिक स्वतंत्रता के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में देश को आगे बढ़ा रही है।

# इंजीनियरिंग की छात्रा को न्याय दिलाने सड़क पर उतरे लोग, किया एमपी के सीएम का पुतला दहन

## मांग कर रहे हैं न्याय मजिस्ट्रेट की जांच

**कोरबा।** मध्य प्रदेश सिंगरौली में इंजीनियरिंग के छात्रा की लाश खिड़की में फंदे पर लटके मिली उसकी मौत से भड़का जन-आक्रोश शांत नहीं हुआ है सोमवार को दोपहर मृत छात्रा को न्याय दिलाने समाज के अलावा सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सड़क पर उतर गए उन्होंने मृतिका को श्रद्धांजलि अर्पित किया तत्पश्चात आत्महत्या के लिए प्रेरित किया जाने का प्रकरण दर्ज किए जाने को लेकर भड़ास निकाली उन्होंने एमपी के भाजपा सरकार को कोसते हुए मध्य प्रदेश सीएम का पुतला भी दहन किया ।

छत्तीसगढ़ कोरबा जिले के हरदीबाजार थाना क्षेत्र में निवास करने वाले एक परिवार की बेटी एमपी की राजधानी भोपाल में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करती थी वह 21 जून को सिंगरौली में किराए के मकान में रहने वाली बड़ी बहन के पास पहुंची उसी दिन बड़ी बहन बनारस चली गई उसने छोटी बहन को कई बार कॉल किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला जिससे घबराई बड़ी बहन सिंगरौली लौट आई उसने छोटी बहन की खोजबीन शुरू की तो किराए के मकान के आखिरी छोर में स्थित एक कमरे की खिड़की में इंजीनियरिंग छात्रा की लाश फंदे पर लटकी मिली उसकी मौत के बाद परिजनों के साथ-साथ आम लोगों का आक्रोश भी भड़क उठा उन्होंने पुलिस अधीक्षक



से मृतिका को न्याय दिलाने की मांग की थी इस बीच सिंगरौली के मोरवा थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज कर लिया जिससे जन-आक्रोश भड़क उठा सोमवार की दोपहर समाज के अलावा भूविस्थापित के अलावा सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सड़क पर उतर गए उन्होंने सुभाष चौक में पुलिस की कार्यवाही को गलत ठहराते हुए जमकर भड़ास निकाली ।

उनका कहना था कि मृतिका के शरीर में चोट के निशान मिले हैं कोई व्यक्ति आत्महत्या करने से पहले ही अपने ही शरीर में चोट क्यों पहुंचाएगी यह चोट किसी अन्य के हमले से ही लग सकता है साथ ही कोई अगर आत्महत्या करेगा तो बिना शरीर से कपड़ा उतार कर क्यों करेगा? खिड़की की ग्रिड़ल जमीन की सतह से इतनी नजदीक है फांसी भी नहीं लटक जा सकता ये सब मृतिका छात्रा के साथ पटना को अंजाम दिए हैं लेकिन पुलिस ने आरोपी को बचाने गलत ढंग से कार्यवाही कर रही है उनका कहना था कि एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है तो दूसरी ओर पढ़ने वाली बेटी के साथ जघन्य अपराध घटित हो रही है उन्होंने मृत छात्रा को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात मध्य प्रदेश के भाजपा सरकार को कोसते हुए मध्य प्रदेश सीएम का पुतला भी दहन किया गया ।प्रदर्शनकारियों ने छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश सरकार से मांग किया है कि कु पुष्पांजलि महंत की रेप व मर्डर की घटना का जांच न्याय मजिस्ट्रेट से कराया जाए और बेटी को न्याय दिलाया जाए अगर न्याय नहीं मिल पाया तो मध्य प्रदेश के मोरवा थाना व पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने का ऐलान भी किया है ।

# मवेशियों को सड़क से उठाकरण पहुंचाया गया गोठान

कोरबा । अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर स्वच्छंद विचरण हेतु छोड़ने वाले पशुपालकों को चिन्हांकित कर उन पर दण्डात्मक कार्यवाही नगर निगम कोरबा द्वारा की जाएगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के समस्त पशुपालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पालतू मवेशियों को घर पर सुरक्षित रूप से रखें, स्वच्छंद विचरण हेतु सड़कों पर खुला न छोड़े तथा निगम द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही से बचें, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

यहाँ उल्लेखनीय है कि पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, आवागमन बाधित होता है, यातायात व्यवस्था बिगड़ती है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में जान-माल का नुकसान होने व मवेशियों के भी घायल होने की आशंका बनी रहती है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सड़कों, सार्वजनिक स्थानों से इन मवेशियों को हटाने तथा उन्हें गोठान आदि जगहों पर पहुंचाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है, अब निगम द्वारा ऐसे पशुपालकों पर जिनके द्वारा अपने पालतू मवेशी सड़क पर छोड़ दिये जा रहे हैं, उन पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।पशुपालकों का हो रहा चिन्हाकंन- आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम का अमला निगम क्षेत्र के पशुपालकों, डेयरी संचालकों का नये सिरे से चिन्हाकंन कर रहा है तथा पशुपालकों को कड़ी हिदायत दी जा रही है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर कदापि खुला न छोड़े। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी 07 जोन में पशुपालकों का चिन्हाकंन किया जा रहा है तथा जिन पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशी सड़क पर छोड़ दिये जा रहे हैं, उन पर निगम अब दण्डात्मक कार्यवाही भी करेगा।

# भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार का इंजन फेल हो चुका है, भगवान भरोसे चल रही छत्तीसगढ़ सरकार-पूर्व मंत्री अमरजीत भगत



**कोरबा।** कोरबा अंचल में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत टी.पी. नगर कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने कोरबा पहुंचे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री भगत ने कहा कि भाजपा की सरकार जनहित के हर मुद्दे में फेल साबित हो रही है। प्रदेश की जनता हर तरफ से परेशान है। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार का इंजन फेल हो गया है। इंजन के केवल धुआं निकल रहा हैं। श्री भगत ने आगे कहा की सुशासन सरकार केवल भगवान भरोसे चल रही है। अमरजीत भगत ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को गुणवत्ता युक्त बीज और खाद समय पर नहीं मिल रहा हैं।, शिक्षकों को युक्तियुक्त के बहाने परेशान किया जा रहा है।, प्रदेश में अपराध बढ़ रहा है और सरकार सिर्फ कागज और रील में काम कर रही है।, सरकार प्रदेश के खनिज संपदा को प्रधानमंत्री के मित्र को सौंपने का काम कर रही है। अमरजीत भगत ने कहा कि प्रदेश के जनता को न्याय दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 7 जुलाई को सरकार को घेरने का काम कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में होगा। अमरजीत भगत ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को गुणवत्ता युक्त बीज और खाद समय पर नहीं मिल रहा हैं।, शिक्षकों को युक्तियुक्त के बहाने परेशान किया जा रहा है।,

# कैबिनेट मंत्री देवांगन की अध्यक्षता में 5 लाख लंबित आवेदनों का 161 करोड़ के भुगतान का लिया गया निर्णय



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की हुई बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वर्ष 2019 से लंबित 5 लाख से ज्यादा आवेदनों के हितग्राहियों को 161 करोड़ से ज्यादा की राशि देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल डॉ. राम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न एजेंडे पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के 5 लाख से अधिक हितग्राहियों के आवेदन विभाग को मिले थे। पूर्व के आवेदनों के हितग्राहियों का 161 करोड़ से अधिक की राशि वितरित नहीं की गयी थी। बुधवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी आवेदनों का जल्द से जल्द परीक्षण कराकर जल्द राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने का निर्णय लिया गया। संचालक मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। वर्तमान में पात्रता रखने वाले मंडल में पंजीकृत निर्माण के स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण/नवीन आवास क्रय हेतु शहरी क्षेत्र में 500 वर्ग फीट एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1000 वर्ग फीट क्षेत्रफल अधिकतम भूखंड होने का प्रावधान था, इसे संशोधित करते हुए बोर्ड की बैठक में शहरी क्षेत्र में न्यूनतम 322 वर्ग फीट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 269 वर्ग फीट क्षेत्रफल भूखंड होने का संशोधन किया गया। मंडल अंतर्गत संचालित पंजीयन योजना आवेदन हेतु मोबाइल नंबर की अनिवार्यता रखी गई है। प्रदेश के कई क्षेत्र के ऐसे हितग्राही जिनके पास मोबइल नहीं है। उन्हें पंजीयन में परेशानी का सामना करना पड़ता था, अब उन्हें मोबाइल नंबर की अनिवार्यता की छुट दी गई है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक को मिलने वाली योजना का लाभ अब श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्यों को भी एक समान मिलेगा। बोर्ड की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिए गए।

# मुआवजा के लिए कागजों में बना मकान

**कोरब।** एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम मलगांव में चिन्हांकित भूमि पर स्थित परिसम्पत्तियों के सर्वेक्षण के दौरान मुआवजे के लिए तैयार सूची में लगभग 152 मकान के काल्पनिक होने का खुलासा हुआ है ।कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर एसडीएम कटघोरा रोहित सिंह, राजस्व अमला और एसईसीएल दीपका के अधिकारियों की टीम द्वारा जांच किए जाने पर 152 मकान काल्पनिक होने का मामला सामने आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कटघोरा एसडीएम ने एसईसीएल दीपका के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर मलगांव के काल्पनिक मकान के मुआवजा को निरस्त करने के निर्देश दिए हैं ।एसडीएम ने एसईसीएल दीपका के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर 152 काल्पनिक मकानों की परिसम्पत्तियों को भुगतान किसी भी परिस्थिति में नहीं करने और यदि किसी मकान का भुगतान कर दिया गया है तो संबंधितों से वसूली की कार्यवाही प्रारंभ कर 15 दिवस के भीतर राशि वसूल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, सभी काल्पनिक मकानों की परिसंपत्तियों का मुआवजा निरस्त करने की प्रक्रिया 03 दिवस में पूर्ण कर एसडीएम कार्यालय कटघोरा को निरस्त मुआवजा राशि के साथ अवगत कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ।इस मामले में एसडीएम रोहित सिंह ने बताया कि दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम मलगांव की 63.795 हेक्टेयर जमीन का अर्जन किया गया था। सर्वेक्षण के दौरान कुल 1638 मेजरमेंट बुक तैयार की गई थी, जिसके आधार पर गणना पत्रक तैयार किया गया था। लेकिन जब मुआवजे की राशि का भुगतान करने की बारी आई, तो यह पाया गया।

# वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कोरबा ।** कोरबा जिले में 2 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद एवं मातृशक्ति के संयुक्त तत्वावधान में हॉर्मोनी स्कूल, दादर खुर्द परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री राज नारायण गुप्ता, मातृशक्ति की जिला संयोजिका सुश्री ममता सन्याल, बजरंग दल के जिला संयोजक राणा मुखर्जी सहित अन्य कार्यकर्ता, स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राज नारायण गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वृक्षारोपण के महत्व एवं वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि तेजी से बदलते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है ।

# चांपा बीडीएम अस्पताल परिसर में पसरी गंदगी को लेकर भड़के कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सालय (बीडीएम) सीवरेजं ट्रीटमेंट प्लांट, हनुमान धारा, इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर नगर पालिका चांपा अमित प्रदीप नामदेव पालिका सीएमओ भोलाराम सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि मरीजों का बेहतर एवं संवेदनशीलता के साथ इलाज करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ समय पर दिया जाए। कलेक्टर ने अस्पताल के महिला-पुरुष वार्ड, शौचालय, पैथोलॉजी लैब, ओटी, प्रसव कक्ष, दंत कक्ष, नेत्र कक्ष, जनऔषधी केन्द्र, बर्न यूनिट एवं अन्य कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में कबाड़ हो चुके बेड सहित विभिन्न सामानों का निपटान न होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं एक माह में निपटान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में आए मरीजो से उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लेते हुए डॉक्टरों को बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को स्वच्छ वातावरण मिलना अत्यंत आवश्यक है। यदि सफाई



व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भवन में हो रहे सीपेज को तत्काल ठीक करने, टाइल्स लगाने और सभी निर्माण कार्यों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने मेडिकल वेस्ट का उचित निपटान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एसडीएम सुमित बघेल को नियमित रूप से अस्पताल निरीक्षण करने कहा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने चांपा नगर स्थित हनुमान धारा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संभावनाशील है और इसे सुनियोजित रूप से विकसित किए जाने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए कि हनुमान धारा के आसपास चल रहे सभी कार्यों की अद्यतन जानकारी एकत्रित कर और क्षेत्र को विकसित करने के लिए विस्तृत कार्य योजना शीघ्र तैयार करें। उन्होंने स्वच्छता, मनोरंजन बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सूचना बोर्ड एवं अन्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। इस स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

चांपा में एसटीपी निर्माण का अवलोकन कर दिए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर ने नगरीय निकाय चांपा के वार्ड 13 घोघरा नाला नया फिल्टर प्लांट के पास शासन द्वारा स्वीकृत 5.3 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने एसटीपी कार्य के ठेकेदार को एसटीपी कार्य को निर्धारित समयावधि में उच्च गुणवत्तायुक्त करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शहर के नालों का पानी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से टीट करके ही वापस नदी में छोड़ा जाएगा। उन्होंने एसडीएम चांपा को कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्लांट के पूर्ण हो होने जाने पर वे स्वयं आकर फंक्शन का टेस्ट एवं वास्तविक स्थिति का जायजा लेंगे।



## चांपा रेलवे स्टेशन से 10 बालिकाओं का सफल रेस्क्यू

**चांपा।** रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण घटना में चांपा पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 10 बालिकाओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

घटना की जानकारी के अनुसार, नवोदय विद्यालय भद्रक (उड़ीसा) के छात्र-छात्राएं माइग्रेशन प्रोग्राम के तहत कोरबा नवोदय विद्यालय जाने के लिए चांपा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। बस के माध्यम से बच्चों को कोरबा भेजा जाना था, लेकिन संचार व्यवस्था के अभाव में एक बड़ी चूक हो गई। पुरुष शिक्षक के साथ बालकों का दल बस से रवाना हो गया, जबकि महिला शिक्षक के साथ 25 बालिकाएं स्टेशन पर रह गईं। स्कूल प्रबंधन से संपर्क के प्रयास विफल होने पर महिला शिक्षक ने सीधे जांजगीर-चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय से संपर्क किया। थाना प्रभारी जे पी गुप्ता द्वारा गठित टीम, जिसमें एसआई उमेंद्र मिश्रा शामिल थे, ने स्टेशन पहुंचकर हालात को समझा और दो वेनों की व्यवस्था कर बालिकाओं को सुरक्षित कोरबा रवाना किया। भारी बारिश के बीच मिली इस त्वरित मदद से महिला शिक्षक व बालिकाएं बेहद संतुष्ट दिखीं और उन्होंने पुलिस अधीक्षक व चांपा पुलिस टीम की सराहना की। यह घटना जांजगीर-चांपा पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# हत्या का प्रयास, आरोपी को सात साल की सुनाई सजा

**जांजगीर-चांपा ।** सीने में चाकू से हमला कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 7 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही । हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला जांजगीर थाना अंतर्गत गांव बिरगहनी (च.) का है।

अभियोजन के अनुसार, प्रार्थी शिव श्रीवास ने 29 नवंबर 2023 को थाने में आकर सूचना दी थी कि 28 नवंबर 2023 को उसकी मां पद्मनी श्रीवास ने बताया कि, उसका भाई शिवम श्रीवास लगभग 7 बजे स्कूल की ओर जा रहा था तभी गुड़ी चौक के पास गांव का दीनानाथ साहू गाली-गलौच कर रहा था, शिवम वहां से गुजर तो उसे भी गाली दी। शिवम ने उसे मना किया तो दीनानाथ मारपीट पर उतारू हो गया। शिवम वहां से घर की ओर आने लगा तभी दीनानाथ शिवम के घर के पास पहुंच गया और दरवाजा खटखटाया। शिवम ने घर का दरवाजा को खोला तो उसे मारने

लगा और मारते-मारते शीतल चौक् के पास ले गया और जान से मारने की नीयत से अपने पास रखे चाकू से उसके सीने पर संघातिक वार कर दिया। रिपोर्ट अपराधं पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी दीनानाथ से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। जिस पर उसे गिरफ्तार किया गया। विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां अभियोजन ने तर्क दिया कि आरोपी द्वारा घायल के सीने में चाकू से संघातिक वार कर हत्या का प्रयास किया गया है, इसलिए आरोपी को कठोर से कठोर दंड दिया जाए। जिस पर पंचम अपर सत्र न्यायाधीश प्रियंका अग्रवाल ने जांजगीर थाना अंतर्गत गांव बिरगहनी (च) निवासी आरोपी दीनानाथ पिता उमेदराम साहू (43) को धारा 307 के तहत 7 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 3 माह का सश्रम कारावास अलग से भुगतने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक केदारनाथ कश्यप ने पैरवी की।

## पीआईएल फर्नेश ब्लास्ट में एक और मजदूर की मौत

**चांपा।** नगर के प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में ढाई माह पूर्व हुए फर्नेश ब्लास्ट मामले में प्लांट के जीएम के बाद दूसरे प्लांट कर्मी ग्राम किरीत निवासी मजदूर सुरेन्द्र चंद्रा की मंगलवार को मौत हो गयी। विगत 12 अप्रैल शनिवार को अपरान्ह 4 बजे प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 15 टन फर्नेश में हुए ब्लास्ट के कारण प्लांट के महाप्रबंधक अनुप चतुर्वेदी की पिछले दिनों उपचार के दौरान हैदराबाद में मौत हो गयी थी। इस हादसे में कुल 13 लोग बुरी तरह झुलस गये थे। सभी को उपचार के लिए रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इनमें से चार की हालत गंभीर होने से उन्हें बेहतर उपचार के लिए एयर लिफ्ट द्वारा हैदराबाद भेजा गयाथा। मामले में कारखाना प्रबंधन की लापरवाही उजागर होने पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के निरीक्षक राहुल पटेल की रिपोर्ट पर पुलिस ने कारखाना प्रबंधक के अलावा अधिभोगी संजय जैन सहित अन्य दो के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 287, 289 एवं (3), 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इस हादसे में प्लांट के जीएम के बाद एक अन्य मजदूर ग्राम किरीत निवासी 29 वर्षीय सुरेन्द्र चंद्रा की मंगलवार को मौत हो गयी। इस तरह हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गयी है। बताया जाता है कि हादसे में झुलसे शेष 11 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी है और वे घर पर रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे है।

## जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्षों का प्रशिक्षण 5 को

**जांजगीर।** जिला स्तरीय जन भागीदारी एवं विकास समिति की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार 5 जुलाई को जिला ऑडिटोरियम जांजगीर में किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा% के स्तर को उठाने के साथ जन भागीदारी विकास समिति के अध्यक्षों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इस आयोजन में जांजगीर-चाम्पा जिले के जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 5 जुलाई को पंजीयन के साथ किया जाएगा।

## गणित की शिक्षिका नौ साल से छात्रावास में संलग्न, स्कूल में पढ़ाई ठप

### ग्राम पंचायत ने शिक्षिका को मूल शाला में भेजने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर-चांपा।** ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैंड में गणित विषय की पढ़ाई भगवान भरोसे चल रही है। कहने को से यहां गणित शिक्षिका के रूप में सोना कश्यप शिक्षक एलबी की पदस्थापना है, लेकिन वर्ष 2015 से वह प्रतिनियुक्ति पर छात्रावास अधीक्षक के रूप में पामगढ़ में संलग्न है और पिछले नौ सालों से स्कूल नहीं आ रही। इससे बच्चों की गणित विषय की पढ़ाई दूसरे विषयों के शिक्षकों के भरोसे चल रही है। बच्चों के भविष्य को देखते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच-उपसरपंच समेत पंचों ने उक्त शिक्षिका को मूल शाला में वापस भेजने की मांग की है और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पामगढ़ को लिखित में ज्ञापन सौंपा है। बीईओ पामगढ़ को विगत 28 जून को सौंपे आवेदन में अवगत कराया गया है कि, शापूमाशा मेंऊ में रमशीला कश्यप शिक्षक एलबी पदस्थ हैं जो गणित विषय की शिक्षिका हैं। दिनांक 21.07.2015 से प्री मैट्रिक छात्रावास पामगढ़ में संलग्न है। जिसके कारण विद्यालय में अध्यापन व्यवस्था में समस्या आ रही है। साथ ही विद्यालय में शिक्षक की 3 कमी के कारण अभिभावक बच्चों का पं स्थानांतरण प्रमाण पत्र मांग रहे हैं। कि ऐसे में बच्चों के भविष्य को ध्यान में अ रखते हुए शिक्षिका को मूल शाला में क भेजा जाए ताकि विद्यालय में शिक्षा या की गुणवत्ता बनी रही।


कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय- साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

दर्री जोन

फा.क./643,644,एवं 645/निर्माण दर्री जोन /2025 कोरबा, दिनांक 27.06.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है : -

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि — 17.07.2025 सायंकाल 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि — 17.07.2025 सायंकाल 4.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 51 अंतर्गत बासनपाट मोहल्ला में कोटवार घर से जमुना प्रसाद घर तक सी.सी. रोड का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (प्रथम निविदा) | 3,96,000/- | 4,000/- |
| 2. | वार्ड क्र. 51 अंतर्गत स्याहीमुड़ी बासानपाट मोहल्ला में अरूण साहू घर से हुसेन घर तक नाली का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (प्रथम निविदा) | 4,00,000/- | 4,000/- |
| 3. | वार्ड क्र. 51 स्याहीमुड़ी मंदिर रामनगर के पास शेड का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (प्रथम निविदा) | 3,91,000/- | 4,000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)



CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/TN-187/DP-229/25-26/2588 Raipur, Dtd 27/06/2025

E-TENDER NOTICE NO. 03-03/TN-187/25-26

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | 03-03/TN-187/ DP-229/25-26/ (Rfx. No. 8100044732) With RLA) | Procurement of Hot End Baskets with advanced profiles of heating element for Rotary Air Pre Heater ( BHEL make ) for 2x250 MW Units of DSPM TPS , Korba East | 21/7/2025 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

S-44420/3


# मुख्यमंत्री साय की औद्योगिक पहल को सराहा भाजपा नेता अमर सुल्तानिया ने

जांजगीर-चांपा। प्रदेश में औद्योगिक विस्तार और रोजगार के नए अवसरों पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के कार्यकारी प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रायपुर में मंगलवार को आयोजित इंडस्ट्री डायलॉग-2 और वन क्लिक सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की शुरुआत राज्य को निवेश के नए नक्शे पर स्थापित करेगी। श्री सुल्तानिया ने कहा कि 1.23 लाख करोड़ के प्रस्ताव और 20,000 से अधिक रोजगार की संभावनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार का फोकस केवल वादों पर नहीं, बल्कि धरातल पर काम दिखाने पर है।



लॉजिस्टिक नीति, जन विश्वास विधेयक और तकनीकी सेक्टर में उठाए गए कदमों से छोटे और मध्यम उद्योगों को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का नवा रायपुर को सिलिकॉन वैली ऑफ छत्तीसगढ़ बनाने का विजन आने वाले वर्षों में राज्य की पहचान बदल देगा। सेमीकंडक्टर, एआई, फार्मा और ग्रीन एनर्जी जैसे उभरते सेक्टरों में हुए एम.ओ.यू. सिर्फ आर्थिक नहीं, सामाजिक बदलाव का संकेत हैं। सुल्तानिया ने उद्योग जगत से अपील की कि वे छत्तीसगढ़ की तेज़ी से बदलती औद्योगिक छवि में भागीदार बनें।

## विधायक की अनुशंसा पर विकास कार्य स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा ।** विधायक ब्यास कश्यप की अनुशंसा से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत सुकली के सरकारी तालाब में निर्मला घाट निर्माण के लिए 5.20 लाख, ग्राम पंचायत अवरीद में मुख्य मार्ग से नहर एवं मदन के घर की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख, ग्राम पंचायत भैसदा में सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख, ग्राम पंचायत जगमहंत में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख, अशोक सिंह के खेत से स्कूल की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 10.40 लाख सहित अन्य शामिल है।

# ज्ञानोदय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**जांजगीर।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव एवं विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा वीणा दायिनी माँ सरस्वती एवं भारत माता के छाया चित्र पर धूप - पूजन किया गया।शिक्षिका सोमा साहू द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात विद्यालय के अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के पूर्व और नव प्रवेशित कक्षा नर्सरी से बारहवीं के छात्र -छात्राओं का तिलक वंदन कर शाला प्रवेशोत्सव का श्री गणेश किया गया। नव प्रवेशित बच्चों में विद्यालय के प्रति अलग प्रकार का कौतूहल देखने को मिला। घर के वातावरण से बाहर निकलकर ज्ञानार्जन का उत्साह उनके चेहरे में स्पष्ट झलक रहा था । इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ.सुरेश यादव ने प्रवेशित सभी छात्र -छात्राओं का अभिनंदन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय ,घर के वातावरण से दूर गुरुजनों के सानिध्य में रहकर ज्ञान प्राप्त करने की एक पहली सीढ़ी है। पालक, पाल्य और पाठशाला के उचित समन्वय से छात्र शक्ति का नव निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं ,कर्मचारी गण एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

# राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा ने किया जनप्रतिनिधियों और प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

**जांजगीर ।** राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा समिति के तत्वावधान में त्रिस्तरीय पंचायत व निकाय चुनाव में निर्वाचित हुए क्षत्रिय समाज के पंच, सरपंच, उप सरपंच, जनपद पंचायत, पार्षदों व जिला पंचायत सदस्यों के सम्मान का कार्यक्रम टी एस प्लाजा, केरा रोड, सिटी कोतवाली के समाने, जांजगीर में रखा गया था। जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। गणमान्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, माँ भारती व मां भारती के लाल वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के तेल चित्र पर दीपक प्रज्वलित कर व फूलमाला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई,

राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा समिति, जांजगीर के तत्वावधान में 29 जून को समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं प्रतिभावान छात्रों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में निर्वाचित समाज के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षद, सरपंच, उपसरपंच एवं पंच के पद पर क्षत्रिय समाज के 119 जनप्रतिनिधियों को मंच पर शॉल, स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अकृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभवान बच्चों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी।

समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करना तथा युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को उनके दायित्वों की याद दिलाने और समाज के प्रति जवाबदेही बढ़ाने के लिए यह पहल की गई है।

समिति के सदस्य देवेश सिंह ने कहा कि प्रतिनिधियों का सम्मान और प्रतिभाओं का प्रोत्साहन यही किसी समाज की प्रगति की असली पहचान है।

एकजुट समाज ही बदलाव की दिशा तय करता है, और आज का यह आयोजन उसी का प्रतीक है।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बेलतरा रजनीश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा,



समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। जनप्रतिनिधि यदि अपने मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध रहें, तो समाज और क्षेत्र दोनों का कल्याण संभव है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बिलासपुर दीपक सिंह ठाकुर ने कहा, शिक्षा और नेतृत्व दो ऐसे स्तंभ हैं जिन पर किसी भी समाज का भविष्य टिका होता है। ऐसे कार्यक्रम समाज के मनोबल को बढ़ाते हैं। अतिथि वक्ता गुलाब सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जांजगीर ने कहा, प्रतिभा को मंच और प्रतिनिधित्व को दिशा देने का यह प्रयास सराहनीय है। समाज को चाहिए कि वह निरंतर ऐसे आयोजनों से अपनी नई पीढ़ी को प्रेरित करता रहे। सम्मानित अतिथि पुष्पेंद्र सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष और समाज के संगठन और सामाजिक चेतना पर बल देते हुए समाजजनों को बधाई दी। रामेश्वर सिंह बैस, टीकम सिंह, किशोर सिंह पिसौद व अन्य प्रति निधियों के अलावा समाज के प्रतिष्ठित लोग भी शामिल थे,

इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के सदस्य भी उपस्थित, समिति के मुख्य पदाधिकारी जिसमे उपाध्यक्ष शिवचमन सिंह, रवेन्द्र सिंह, राजेश सिंह समिति के सचिव सुरेश सिंह, सह सचिव श्रीवर सिंह, समिति के कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राणा छोटा व सह कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह हेमू की उपस्तिथि रही, इस कार्यक्रम के संचालन की मुख्य भूमिका में कार्यकारणी के सभी सदस्य जिसमे पवन सिंह चंदेल, किशोर सिंह गहलोत, संतोष सिंह, प्रशांत सिंह बंटी, लल्ला सिंह, मुकेश सिंह, प्रदीप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, युवराज सिंह निक्कू व निशु सिंह द्वारा अहम भूमिका निभाई।

## जांजगीर-चांपा में भारी वर्षा होने से रोपाई कार्य में आई तेजी

**चांपा।** छत्तीसगढ़ के वायुमंडल में एक कम दबाव का क्षेत्र और द्रोणिका के कारण रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती और बलरामपुर में भारी वर्षा हुई है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि कल से वर्षा थम जाएगी। मौसम विभाग ने कहा कि खाड़ी से नमी और निम्न दाब का क्षेत्र के बीच द्रोणिका बनने के कारण छत्तीसगढ़ के मध्य क्षेत्र कहे जाने वाले रायगढ़, जांजगीर-चापा तथा बिलासपुर में अच्छी वर्षा हुई है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ 106 एमएम वर्षा रिकार्ड दर्ज की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ बीजापुर, नारायणपुर में पर्याप्त वर्षा हुई है। बिलासपुर तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में भी वर्षा होने की जानकारी मिली है। उप संचालक के अनुसार जिलें एक लाख 65 हजार धान का रकबा है। इसमें से 50 प्रतिशत क्षेत्र में बोआई हो चुकी है। वर्षा होने के कारण रायपुर जिले में धान अंकुरण होगा। वहीं रोपाई कार्य में तेजी आएगी, सिंचित क्षेत्र में रोपाई का काम चालू हो गया है।

# शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया कोटमी सोनार में



**जांजगीर चांपा।** शासकीय प्राथमिक शाला भाठापारा कोटमीसोनार में आज दिनांक 30 जून को शाला प्रवेश उत्सव सह शिक्षक विदाई एवं नव आगंतुक शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री दिनेश सिंह पूर्व भाजपा प्रत्याशी अकलतरा विधानसभा, विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार सोनी के द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया पालकों को अधिक से अधिक स्कूल से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर पुस्तक एवं मिष्ठान वितरण किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश सिंह पूर्व भाजपा प्रत्याशी, विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार सोनी पूर्व जिला पंचायत सदस्य,भुखाऊ राम साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि जनपद पंचायत अकलतरा, श्रीमती रेखा सोनी सरपंच ग्राम पंचायत कोटमी सोनार, राम लाल कैवर्त्य ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, बालू राम मनहर उपसरपंच ग्राम पंचायत कोटमी सोनार, चंद्रशेखर पटेल पंच, श्रीमती गीता कैवर्त्य पंच,कोमल सिंह ठाकुर वरिष्ठ नागरिक, दिनेश कुमार साहू सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला सबरिया डेरा, खिलावन सिंह जगत, अश्वनी कुमार पटेल प्रधान पाठक, शंकर लाल साहू सहायक शिक्षक, सेतराम मनहर सहायक शिक्षक, श्रीमती सुप्रिया धीवर सहायक शिक्षक, श्रीमती सुलोचना बरेठ सहायक शिक्षक, कार्यक्रम का संचालन शंकर लाल साहू द्वारा किया गया एवं समापन की घोषणा अश्वनी कुमार पटेल प्रधान पाठक द्वारा किया गया, कार्यक्रम में पुनीराम यादव, श्याम सुंदर साहू, मनोहर कैवर्या,अनूप पटेल,तुलसी कैवर्य, राजेंद्र पटेल,सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन......

लोग साथ दे ना दे अगर आप खुद का साथ 100 प्रतिशत दोगे, तो आपको जीतने से कोई नहीं रोक सकता।

# आप काफी उत्साहित

*चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) काफी उत्साहित नजर आई। गुजरात की विसावदर सीट से गोपाल इटालिया व पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर जीते संजीव अरोड़ा, दोनों आप के उम्मीदवार हैं।*

*केरल में नीलांबुर सीट कांग्रेसनीत यूडीएफ ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को पछाड़ कर जीत हासिल की। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से गुजरात की कड़ी सीट बरकरार रखते हुए राजेंद्र चावड़ा को जीत दिलाई। तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की कालीगंज विधानसभा सीट पर पुनः कब्जा किया। भाजपा के आशीष घोष को यहां अलीफा अहमद ने हराया। सभी पांचों सीटों पर इसी माह की 19 तारीख को मतदान हुए थे। इनमें लुधियाना के चुनाव पर विशेषज्ञों की कड़ी नजर थी। क्योंकि अरोड़ा राज्य सभा सांसद हैं। जहां से वे इस्तीफा देंगे। विपक्ष का दावा था कि इस खाली हुई सीट से अरविंद केजरीवाल उच्च सदन जा सकते हैं। बहरहाल उन्होंने इस सवाल को टालते हुए कहा कि यह फैसला आप की राजनीतिक मामलों की कमेटी लेगी। इसके बाद कयास मनीष सिसोदिया को भेजने का है। हालांकि लंबी जेल भुगतने वाले सत्येंद्र जैन को भी दावेदार माना जा रहा है।*

*मतगणना के वक्त कालीगंज के बाराचंदगर इलाके में हुए विस्फोट में नौ साल की बच्ची की मौत से उपजा मसला अभी शांत नहीं हुआ है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आासन फौरन ही दिया। हालांकि उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने काफी उदासीनता बरती। मगर भाजपा शीर्ष को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। क्योंकि प. बंगाल को लेकर वे ममता सरकार पर जिस तरह की तोहमतें लगाते रहे हैं। उसका नतीजा सबक लेने वाला है। जिसमें भाजपा को भारी मतों से मात मिली है। गुजरात और पंजाब में 2027 में विधानसभा होने हैं, यहां दोगुने अंतर से मिली जीत को केजरीवाल सेमीफाइनल के तौर पर देख रहे हैं। दोनों जगह मिली हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पद से इस्तीफा देते हुए इसे पार्टी की हार की बजाए अपनी विफलता बताकर दांव चलने कोशिश की। इस पर कांग्रेस कौन सी करवट लेती है, यह भी स्पष्ट होना जरूरी है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर व्यापार को आगे बढ़ाएंगे। आपके पड़ोसी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे, उनके घर आना - जाना होगा। आज आपका झुकाव अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा, जिससे आज आपका मन शांत रहेगा। आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा सकते है और आपको काम के सिलसिले में दूसरे शहर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्तिथि और मजबूत बनेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, दाम्पत्य जीवन सुखमय बना रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, लेकिन जल्दबामें कोई फैसला न करें। आज शेयर मार्केट में सोच समझकर इन्वेसट करने से बढ़िया धन लाभ होगा। शादीशुदा रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा, बच्चे खुश रहेंगें। नौकरी कर रहे लोगों को आज कोई नया ऑफर मिल सकता है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप किसी स्टार्टअप में इन्वेस्ट करके बड़ा मुनाफा कमाएंगे। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आज से आप जिम ज्वाइन कर सकते हैं। आज आप बच्चों को एक्स्ट्रा एक्टिविटी के लिए क्लासेज भेजने का विचार कर सकते हैं, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास होगा। आज आप फैमली के साथ धार्मिक यात्रा पर जाने का विचार कर सकते है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। लेखक आज समाज में घट रही घटनाओं के ऊपर कहानी लिखने का विचार कर सकते है। आज आपको टीवी डिबेट में शामिल होने का शानदार मौका मिलेगा। आज आप सोने - चांदी से जुड़े गहनों की खरीददारी कर सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने काम को बहुत अच्छे ढंग से करेंगे, जिससे बॉस आपकी तारीफ करेंगे। अविवाहित व्यक्तियों को आज विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, माता - पिता का आशीर्वाद मिलेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, जिससे परिवार में खुशियां आयेंगी। आज से आप आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत करेंगे, जिससे आंतरिक सुख की प्राप्ति होगी। लंबे समय से चल रही किसी समस्या का समाधान होगा, जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी, जिससे घर में आनन्द का माहौल बना रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आपको कुछ कार्यों में तत्काल प्रभाव से परिणाम मिलेगा। आज आप अपना सोशल बिहेवियर ठीक रखें, जिससे लोग आपके काम को सम्मान देंगे। घर लेने वालों के लिए आज अच्छा दिन है, आप डील फाइनल कर सकते है। छात्रों को आज किसी प्रतियोगी परीक्षा में बैठने का अवसर प्राप्त होगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगें, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपकी नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बनती दिख रही है। रोज की अपेक्षा आज आपको ज्यादा भाग दौड़ करनी पड़ सकती है, बच्चे आपका सहयोग करेंगें। आज आपको किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। द

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी अटके हुए काम को पूरा करने का प्रयास कर सकते हैं, जीवनसाथी से सहयोग की प्राप्ति होगी। प्राइवेट ऑफिस में नौकरी करने वालों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप परिवार के साथ बाहर खाने पर जा सकते हैं। आज आप बच्चों का खास ख्याल रखें, उनका आज पढ़ाई पर ध्यान नहीं होगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपको बढ़िया धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। आज आपका मन अध्यात्म में ज्यादा लगेगा, जिससे मानसिक शांति का अहसास होगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। व्यापार में धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। बैंक में नौकरी करने वाले व्यक्तियों को उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें। मीडिया जगत से जुड़े लोग आज किसी बड़ी खबर पर चर्चा करेंगें। आज आपको प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का एक अच्छा ऑफर मिलेगा। आज आप परिवार के साथ मंदिर जायेंगे जंहा आपको साधु-संतों के दर्शन होंगे।

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से बेचैन हुआ विपक्ष

//डॉ. आशीष वशिष्ठ //

**बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन —एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।**



बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज़गी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, ज्क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है। क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है। नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है। संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के- चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं। बिहार की राजनीति को करीब से जानने वालों के अनुसार, निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी।

केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद का वोट शेयर बढ़ा था। राजद को 23.11 फीसदी वोट मिले। भाजपा को 19.46 प्रतिशत ही वोट मिले, जदयू के खाते में 15.42 प्रतिशत वोट आया। 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा और जेडीयू ने 12-12 सीटें जीती। आरजेडी ने 4 सीटें, कांग्रेस ने 3 सीटें और एलजेपी (आर) ने 5 सीटें जीती हैं। सीपीआई (एमएल) ने 2 सीटें जीती हैं, जबकि एचएएम और एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने 1-1 सीट जीती है। जाति आधारित सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार बिहार में करीब 17.70 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। वहीं, बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटर अहम भूमिका अदा करते हैं। इन इलाकों में मुस्लिम आबादी 20 से 40 प्रतिशत या इससे भी अधिक है। बिहार की 11 सीटें हैं, 10 से 30 फीसदी के बीच मुस्लिम मतदाता हैं। जानकारों का मानना है कि चुनिंदा क्षेत्रों में अगर एक निश्चित मात्रा में नाम कट जाएं तो मुकाबला कमजोर हो जाएगा। इसको समझने के बावजूद विपक्षी पार्टियां सड़क पर नहीं उतर रही हैं। हो सकता है कि इससे मुकाबले के लिए वे न्यायपालिका का रुख करें।

# आज संपूर्ण विश्व में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नाम से जाने पहचाने जाते हैं धीरु भैया

//संतोष गंगेले //

**मध्य भारत के मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के पुलिस थाना बमीठा से 13 किलोमीटर दूर पहाड़ों के बीचों- बीच ग्राम गढ़ा स्थित है । इस छोटे से ग्राम की आबादी लगभग 1500 के करीब बताई जाती है ग्राम में पहले प्राथमिक विद्यालय था वर्तमान में माध्यमिक विद्यालय है । इस ग्राम से 6 किलोमीटर दूर ग्राम गंज जो वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है जहां पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है ।**

4 जुलाई 1996 को प्रातः कालीन ब्रह्म मुहूर्त बेला में श्रीमती सरोज गर्ग पत्नी राम कृपाल गर्ग ने बालक को जन्म दिया है जिसका नाम आज संपूर्ण विश्व में है वह पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नाम से जाने पहचाने जाते हैं और उनके द्वारा अपनी बाल अवस्था से ही हनुमान के बाल रूप में वह बाल लीलाएं करते रहे लेकिन उसे समय पर ना तो उनके माता-पिता भाई बहन समझ सके ।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बचपन का नाम धीरु भैया है और उन्हें आज भी उनकी माता-पिता और बचपन के साथी उन्हें धीरु भैया के नाम से ही पुकारते हैं । पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दादा भगवान दास गर्ग जो सेतु महाराज के नाम से प्रसिद्ध थे और वह घर से गांव के बाहर श्मशान घाट के पास एक छोटे से हनुमान की मूर्ति की सेवा में लगे रहते थे उनकी तपस्या त्याग किसी स्थान पर होता था और छोटे बालक के रूप में हनुमान की सेवा में और दादा की सेवा के लिए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री धीरु भैया हमेशा अपने दादाकी आज्ञा का पालन करते और वहीं पर बैठकर हनुमान चालीसा सुंदरकांड रामायण पाठ भजन कीर्तन अखंड कीर्तन में भाग लेते रहे उनका पढने में मन नहीं लगता था इसलिए पितानाराज होते थे और उन्हें जबरन स्कूल भेजने के लिए कोशिश करते थे । धीरु भैया अपने दोस्तों के साथ स्कूल जाते थे लेकिन जैसे ही दोपहर का समय होता था वह स्कूल से भाग के मंदिर पहुंचने और दादाकी सेवा में लगे रहते थे । उनकी सेवा भावना से दादाबहुत ही खुश थे और उन्हें उनके भविष्य की परख थी इसलिए वह उन्हें अपना जीवन की जो विद्या थी जो उन्हें आध्यात्मिक तांत्रिक और ईश्वरी शक्ति थी वह धीरू को देना चाहते थे लेकिन वह परीक्षा की घड़ी अभी काफी दूर थी ।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बताते हैं कि जब वह 11 साल के थे उनके पैर में चोट लगने के कारण उनकी चोट ठीक नहीं हो रही थी पैर में सडन् पैदा हो गई मवाद आने लगी लेकिन उन्होंने गांव के हिसाब से नीम की पत्ती नीम की छाल से घाव ठीक करने का प्रयास किया नहीं ठीक हुआ बरसात का समय था दादाके सेवा में पहुंचे तो वह दिव्यांग की तरह चल रहे थे सही तरह से पैदल नहीं चल पा रहे थे बरसात के पानी में पर चल रहा था हनुमान के परम शिष्य पंडित भगवान दास सेतु महाराज ने आज अवसर देखा कि इस बालक को हम अपना चमत्कार दिखाते हैं जैसे ही उनके विश्राम स्थल पर मंदिर के पास पहुंचे दादाने कहा धीरू क्या बात है काफी दिन से सही तरीके से चल नहीं पाते हो सही-सही बताओ उन्होंने कहा कि दादापर में सडन् पैदा हो रही है मवाद आ रही है और हॉस्पिटल यहां आस-पास नहीं है मैं ठीक नहीं हो पा रहा हूं मेरा पैर कट जाएगा । पंडित भगवान दास सेतु महाराज ने मंदिर की ओर निगाहें मिलाते हुए पास में रखा हुआ एक कपड़ा उठाया पानी में उसको घूमते हुए और धीरे से कहा के प्यार ऊपर करो फेंक कर मार दिया कपड़ा अपने आप पैर के पंजे में लिपट गया और वहां कहा कि 1 घंटे यही बैठो । 1 घंटे तक धीरु भैया दादा के पास बैठे रहे उन्होंने पूछा कि अब कैसा लग रहा है उन्होंने कहा बहुत अच्छा लग रहा है किसी भी तरह का दर्द नहीं है उन्होंने कहा कि बागेश्वर बालाहनुमान का पांच बार नाम लो और कपड़े को हटा दो जैसे ही कपड़े को हटाया वहां किसी तरह के घाव नहीं था । बस यही से पंडित धीरेंद्र किसी शास्त्री की धार्मिक यात्रा शुरू हुई और उन्होंने दादाके यहां रहना ही उसे समझा दादा की प्रत्येक आजा प्रश्नों का पालन करते हनुमान की सेवा करते और दादाने उन्हें अपनी धीरे-धीरे सभी क्रियाएं तपस्या त्याग साधना करने की रास्ते बताएं जिसको लेकर के बागेश्वर बालामहाराज की सेवा में लग रहे और 3 वर्षों तक माता-पिता परिवार को बताएं वह अज्ञातवास चले गए और दादाभी गांव छोड़कर बनारस में गंगा घाट पर रहने लगे । ऐसा गांव वालों ने और उसे साथियों ने बताया कि पंडित भगवान दास सेतु महाराज ने अपनी मृत्यु की घोषणा और अंतिम इच्छा बनारस में ही अंतिम सांस लेने की बता दी थी उनका अंतिम संस्कार बनारस में हुआ और वहीं से पंडित धीरेंद्र के शास्त्री को धर्म सनातन प्रचार करने के लिए प्रेरणा मिली ।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपनी गुप्त बातें अपनी माता-पिता और किसी को न बताते हुए उन्होंने मातासे कहा कि मां मैं वृंदावन में राधे कृष्णा के दर्शन करना चाहता हूं और श्रीमद् भागवत कथा पढना है इसलिए हमें कुछ धनराशि बताएं में वृंदावन में रहना चाहता हूं मेरा मन यहां पढ़ाई में नहीं लगता है माताने अपने पुत्र की आज्ञा और उसके संकल्प को पूरा करने के लिए अपने परिवार के लोगों से गांव के लोगों से मदद करने के लिए धनराशि इकट्ठा करना शुरू की हर तरह की समस्याओं से जूझने के बाद मां ने एक-एक रुपया चंदा करके इकट्ठा करके अपने बेटे को 728 रुपया संग्रह करके मथुरा वृंदावन जाने के लिए हल्का-फुल्का आता भुज कर शकर चावल देकर आदेश दिया कि जो श्रीमद् भागवत कथा का अध्ययन करो संस्कृत विद्यालय में पढना । धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ग्राम से पैदल चल के मुख्य सड़क तक पहुंचे वहां से ईश्वर की कृपा से उन्हें एक मित्र ने छतरपुर तक छोड़ दिया छतरपुर से वह हरपालपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे और रेलवे स्टेशन से वह मथुरा वृंदावन के लिए सवार हुए रास्ते में रेलवे में उनकी जेब कट गई चोरी हो गई इस समय बिहार के एक टीटीई साहब ने उन्हें बिना टिकट यात्रा करने के लिए पकड़ लिया और पुलिस के हवाले करते हुए कहा कि इस लड़के को हमारे पीछे-पीछे लेकर आओ गाड़ी चेकिंग के बाद जब टीटी ने बालक से पूरा परिचय पूछा और बिना टिकट का कारण पूछा तो उन्होंने संपूर्ण जानकारी सत्य घटना बताते हुए कहा कि हमारी जेब कट गई है हमारे पास पैसे नहीं है

हम झूठ नहीं बोल रहे हैं टीटी ने कहा कि कहां जा रहे हो किस तरह से क्या करना है किसी भी उन्होंने टीटी की नेम प्लेट देखी और कहा कि साहब आपके पिता माता का नाम यह है आप इतने भाई बहन हैं आपने कहां-कहां अध्ययन किया है और आप किस परिस्थिति में यहां तक पहुंचे हैं आपके आसपास हो घर का पूरा विवरण बताया तो वह आश्चर्यजनक रह गए छोटा बालक ने हमारे पूरे वंशावली बताई उन्होंने ब्राह्मण के नाते बालक के चरण वंदन करते हुए उन्हें ?1100 अपनी ओर से भेंट की और पूरा पता दिया पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भी पहला चमत्कार वृंदावन जाते हुए टीटीई से शुरू किया मथुरा वृंदावन में रहकर अध्ययन करने के बाद गांव वापस लौटे तो उनकी पहली कथा उनके दोस्त मुबारक खान ने अपने गांव चंद्र नगर से 5 किलोमीटर दूर चुरारन हनुमान देवी मंदिर पर शुरू की 7 दिन की कथा पूरे क्षेत्र में इस प्रकार से ख्याति प्राप्त चर्चित हुई छोटे से बालक ने अपने मुखारविंद से भगवान की लीलाओं का वर्णन और अध्यात्मिकता जागी, भक्तों में यह चर्चा जंगल की आज की तरह फैल गई कि छोटे से बालक के अंदर वेद पुराण शास्त्रों के अनेक उदाहरण दृष्टांत कम उम्र में है जिससे उनकी कथा प्रसिद्ध हो गई कर्मकांडी ब्राह्मण के रूप में और कथा व्यास के रूप में चर्चित हो गए । आसपास के ग्रामों में वह पंडित धीरु भैया के नाम से बहुत जल्दी प्रसिद्धि और सिद्ध हो गए धीरे-धीरे उन्होंने दादा गुरु के आश्रम पर पहुंचकर प्रत्येक शनिवार को भूत प्रेत का दरबार लगना शुरू किया लोगों की जानकारी देना शुरू की जिससे वह चर्चित हो गए ।

## तस्वीरों की दुनिया




वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर भारी बारिश के बाद गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण रत्नेश्वर महादेव मंदिर आंशिक रूप से जलमग्न हो गया है।




उत्तराखंड के टिहरी जिले में फकोट के पास ऋषिकेश-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऋषिकेश से चंबा जाते समय पलटने के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक सड़क किनारे पड़ा है।



मंडी में बादल फटने के बाद सड़क पर गिरे मलबे और क्षतिग्रस्त पेड़ों का दृश्य।



मंडी में बादल फटने से भारी मलबा आने और भूस्खलन के बाद क्षतिग्रस्त मकान का दृश्य।



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में लगातार भारी मानसूनी बारिश के बाद उफनती ब्यास नदी का दृश्य।



इंदिरा मार्केट के खत्री इलेक्ट्रॉनिक में सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे भीषण आग 3 फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची।



अपना दल (सोनेलाल) नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लखनऊ में अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती पर जन स्वाभिमान दिवस समारोह को संबोधित किया।

# बाबा बर्फानी के दर्शन आज से शुरू, बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा कश्मीर, पहलगाम और बालटाल से तय होगी यात्रा

**जम्मू, 03 जुलाई [एजेंसी]।**

बम-बम भोले और भारत माता की जय के जयघोष के साथ श्री अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था बुधवार तड़के जम्मू में आधार शिविर यात्री निवास से कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर के लिए रवाना हुआ। कहीं डमरू की ध्वनि तो कहीं शंखनाद। कहीं शिव के ध्वज तो कहीं लहराता तिरंगा।

आस्था, उत्साह और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पहले जत्थे में 5,892 श्रद्धालु छोटे-बड़े वाहनों में रवाना हुए। रास्ते में जगह-जगह फूल-मालाओं से श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत हुआ और शाम को शिवभक्त जयघोष लगाते हुए आधार शिविर बालटाल और पहलगाम पहुंच गए। कश्मीर में इन दोनों आधार शिविरों में भी शिव भक्ति की धारा बह रही है। काफी संख्या में श्रद्धालु पहले ही पहलगाम व बालटाल पहुंच चुके हैं। गुरुवार तड़के श्रद्धालु बालटाल और पहलगाम से पवित्र गुफा की तरफ रवाना किए जाएंगे। छोटा रास्ता होने के कारण बालटाल से जाने वाले श्रद्धालु शाम तक पवित्र हिमलिंग के दर्शन कर लेंगे। इससे पहले जम्मू में आधार शिविर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया। इस मौके पर उपराज्यपाल ने शिवभक्तों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।





उपराज्यपाल ने कहा कि हाल के आतंकी घटनाक्रम के बावजूद भोले बाबा के भक्त बड़ी संख्या में यात्रा में भाग ले रहे हैं, जो उनकी अटूट श्रद्धा को दर्शाता है। उपराज्यपाल ने आशा जताई कि इस वर्ष की यात्रा अब तक की सबसे ऐतिहासिक यात्रा होगी। जत्थे के रवाना होते समय श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। कोई हाथ में त्रिशूल लिए भगवान शिव की वेशभूषा में था, तो कोई जयघोष में मग्न दिखा। इस अवसर पर सांसद जुगल किशोर शर्मा, सनातन धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष पुरुषोत्तम दधिची, विधायक विक्रम रंधावा, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र शर्मा, युवा नेता देवयानी राणा, महंत रामेश्वर दास भी उपस्थित रहे।

## राजनाथ सिंह ने किया बड़ा ऐलान, बताया आखिर कौन बनेगा बिहार का सीएम

**पटना, 03 जुलाई [एजेंसी]।**

केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने आज आरोप लगाया कि बिहार कभी पिछड़ा राज्य नहीं था बल्कि इसे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस ने पिछड़ा बनाया। बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर है, हमारे मुख्यमंत्री हो या फिर डिप्टी सीएम हों इनके दामन पर कोई दाग नहीं, कोई माई का लाल ये साबित नहीं कर सकता, इस बार का चुनाव केवल विकास पर होगा। इसके साथ ही उन्होंने बता दिया है कि नीतीश कुमार ही बिहार के अगले सीएम होंगे और बिहार में एनडीए की दो तिहाई बहुमत से सरकार बनेगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि बिहार कभी पिछड़ा राज्य नहीं था बल्कि इसे कांग्रेस और राजद के शासनकाल में पिछड़ा बनाया गया। राजनाथ सिंह ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसा और कहा कि राजद के साथ-साथ कांग्रेस भी बिहार की बर्बादी के दोषी रहे हैं, इन दोनों की सरकारों ने बिहार को गर्त में पहुंचा दिया था, अपराध.. जातिवाद और जंगलराज के चलते बिहार अंधेरे में चला गया था, धीरे-धीरे ये अंधकार खत्म हुआ है। भाजपा और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर है।

## दिल्ली में अपराधियों की धर पकड़ तेज, अब इस तकनीक से दबोचे जाएंगे भगोड़े घोषित बदमाश

**नईदिल्ली, 03 जुलाई [एजेंसी]।**

दिल्ली में पैरोल जंपर्स व भगोड़े को पकड़ने के लिए सभी थानों के थानाध्यक्षों व इंस्पेक्टर इंवेस्टिगेशन को अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) और अन्य तकनीक का नियमित रूप से इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है। पुलिस अयुक्त संजय अरोड़ा ने एक सर्कुलर जारी कर पैरोल जंपर्स और भगोड़े अपराधियों को चिन्हित करने और उन्हें पकड़ने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सर्कुलर में कहा गया है कि क्राइम ब्रांच ने पिछले छह महीनों में कई वांछित अपराधियों, पैरोल, अंतरिम जमानत, फर्लो जंपर्स और भगोड़े अपराधियों का पता लगाया है।



यह जानकारी अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) और ई प्रिजन पोर्टल्स पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण से प्राप्त हुई। वहीं, कई बार ऐसे अपराधी अन्य जेलों में बंद पाए गए जबकि पुलिस रिकॉर्ड में वे फरार या अज्ञात दर्शाए गए थे। इसलिए ऐसे अपराधियों को चिन्हित करने की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए सभी थानों के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए। थानाध्यक्षों को कहा गया है कि वे ई कोर्ट पोर्टल का नियमित उपयोग करें और वांछित अपराधियों, पैरोल, फर्लो जंपर्स की स्थिति व आदेशों को अपडेट रखें। अपराधियों की तलाश करते समय अधिकारी को ई प्रिजन, सीसीटीएनएस, ई कोर्ट, ई प्रोसिक्यूशन और आइसीजेएस पोर्टल्स से संबंधित विवरण खोजकर थानों के रिकॉर्ड से मिलान करना होगा। हर एसएचओ व इंस्पेक्टर इंवेस्टिगेशन को हर महीने अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले पैरोल जंपर्स, भगोड़े अपराधियों की जानकारी ई प्रिजन और आइसीजेएस पोर्टल्स पर चेक करनी होगी। हर एसएचओ, इंस्पेक्टर इंवेस्टिगेशन के अलावा जिले के डीसीपी को मासिक रूप से इसकी पुष्टि करनी होगी।सर्कुलर में कहा गया है क सभी एसएचओ व इंस्पेक्टर इंवेस्टिगेशन हर महीने पैरोल जंपर्स, घोषित अपराधियों की जानकारी क्राइम ब्रांच के साथ साझा करेंगे। यह काम संबंधित जिले के डीसीपी की निगरानी में होगा। जिन जिलों, इकाइयों या थानों ने अब तक ई पिजन और आईसीजेएस पोर्टल्स के लिए यूजर आईडी नहीं बनाई है, वे सीसीटीएनएस क्राइम ब्रांच से संपर्क कर तुरंत आइडी जनरेट करें। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि सभी अधिकारियों, जांच अधिकारियों और अधीनस्थ स्टाफ को वांछित अपराधियों की जानकारी अपडेट करने और अपलोड करने की नियमित ब्रीफिंग दी जाए। यह कार्य भगोड़े सेल के पोर्टल पर किया जाएगा।

## टिहरी में खाड़ी के पास कांवड़ यात्रियों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन कांवड यात्रियों की मृत्यु

**देहरादून, 03 जुलाई [एजेंसी]।**

टिहरी जिले में ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर जाजल और फकोट के बीच कांवड़ यात्रियों से भरा ट्रक पलट गया। दुर्घटना में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 16 यात्री घायल हुए हैं। ट्रक में कुल 18 कांवड़ यात्री सवार थे, जो ऋषिकेश से गंगोत्री की ओर जा रहे थे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने जानकारी दी कि हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य यात्री ट्रक के नीचे दबे मिले। गंभीर रूप से घायल चार यात्रियों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। आठ लोगों का उपचार नरेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और एक व्यक्ति का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फकोट में इलाज चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी जनपद में खाड़ी के पास हुई सड़क दुर्घटना में मृत कांवड़ यात्रियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। जिलाधिकारी टिहरी ने बताया कि बुधवार सुबह कांवड़ यात्रियों का एक ट्रक खाड़ी से दो किमी आगे पलट गया था। 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें 18 यात्री सवार थे, उन्होने बताया कि दुर्घटना में तीन कांवड यात्रियों की दुःखद मृत्यु हुई है। दुर्घटना के बाद प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान संचालित करते हुए, सभी यात्रियों को ट्रक से बाहर निकाला।

## अमेरिका में फिर हिंदू मंदिर पर हमला, इस्कॉन राधा-कृष्ण मंदिर पर चलीं गोलियां, 20-30 राउंड हुई फायरिंग

**वाशिंगटन, 03 जुलाई [एजेंसी]।**

अमेरिका में एक बार फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। इस बार यूटा राज्य के स्पेनिश फोर्क में स्थित विश्व प्रसिद्ध इस्कॉन श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर पर हमला हुआ है। अज्ञात अपराधियों ने रात के समय मंदिर परिसर पर 20 से 30 राउंड फायरिंग की, जिससे मंदिर को भारी नुकसान पहुंचा। यह मंदिर अपने वार्षिक होली महोत्सव के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। हमले के समय मंदिर में भक्त और मेहमान मौजूद थे। इस हमले में मंदिर की इमारत और आसपास की संपत्ति को काफी नुकसान हुआ है, जिसमें खासतौर पर हाथ से नक्काशी किए गए मेहराब भी शामिल हैं। इस घटना से हजारों डॉलर की क्षति हुई है।सैन फ्रांसिस्को स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर कहा, हम यूटा के स्पेनिश फोर्क में इस्कॉन श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुई गोलीबारी की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। हम सभी भक्तों और समुदाय के साथ खड़े हैं और स्थानीय प्रशासन से हमलावरों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं। मंदिर अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले 9 मार्च 2025 को कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स स्थित BAPS स्वामीनारायण मंदिर में भी इसी तरह की घटना हुई थी। इस घटना के कुछ ही दिन बाद लॉस एंजिल्स में तथाकथित 'खालिस्तानी जनमत संग्रह' आयोजित किया गया था। कोएलिशन ऑफ हिंदूज़ ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने भी इस घटना को बढ़ती हिंदू विरोधी घटनाओं से जोड़ा और इसे 'खालिस्तान जनमत संग्रह' से पहले की साजिश बताया। CoHNA ने लिखा, एक और हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ हुई है – इस बार प्रतिष्ठित BAPS चिनो हिल्स मंदिर में। यह कोई संयोग नहीं लगता कि यह हमला खालिस्तान जनमत संग्रह के आस-पास हुआ है। उन्होंने 2022 से अब तक हुई मंदिरों पर अन्य हमलों की भी सूची दी और मामले की व्यापक जांच की मांग की। पिछले साल 25 सितंबर 2024 को सैक्रामेंटो, कैलिफोर्निया में स्थित BAPS श्री स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था। इससे पहले न्यूयॉर्क में भी इसी संस्था के मंदिर पर हमला हुआ था।

## 2000 करोड़ की संपत्ति हड़पने की साजिश', नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल पर ईडी का आरोप

**नईदिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत को नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस की धोखाधड़ी के आरोपों की परतें खोल दीं। ईडी ने बताया कि यंग इंडिया नाम की नई कंपनी को बस इसलिए बनाया गया ताकि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की करोड़ों की संपत्ति को बस चंद पैसों में हथिया लिया जाए। प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वी राजू ने दावा किया कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने ही 2000 करोड़ की संपत्ति हड़पने की साजिश रची थी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्ति को हड़पना चाहती थी, जिसकी कीमत करीब 2,000 करोड़ रुपये थी। इसके बाद एएसजी ने कहा कि यह साजिश सोनिया और राहुल गांधी द्वारा रची गई थी। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस मामले में मुख्य आरोपी हैं। इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने कर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करता था, जिसकी स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। राजू ने सुनवाई के दौरान कहा कि यंग इंडियन बनाने की साजिश रची गई थी, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी के 76 प्रतिशत शेयर थे, ताकि कांग्रेस से लिए गए 90 करोड़ रुपये के कर्ज के लिए 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पी जा सके। ईडी ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के निर्देश पर एजेएल को विज्ञापन के पैसे भी दिए गए थे और इस फर्जी कंपनी से जो भी आय हुई, वह अपराध की कमाई थी। 21 मई को पिछली सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कथित नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़े 142 करोड़ रुपये के अपराध की आय अर्जित की है।

ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दायर अभियोजन शिकायत में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य 78 वर्षीय सोनिया गांधी को आरोपी नंबर वन और उनके बेटे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को आरोपी नंबर दो के रूप में नामित किया है। इसके अलावा पांच अन्य को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है।

## विधवा महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 4000 रुपए, सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**पणजी, 03 जुलाई [एजेंसी]।**

गोवा सरकार ने राज्य की विधवा महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक कल्याणकारी कदम उठाया है। अब 21 साल से कम उम्र के बच्चों वाली विधवा महिलाओं को प्रतिमाह 4000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह निर्णय राज्य सरकार की मौजूदा सामाजिक कल्याण योजना में संशोधन के तहत लिया गया है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की मौजूदगी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री सुभाष फल देसाई ने कहा, अभी तक पात्र उम्मीदवारों को गृह आधार योजना के तहत 1,500 रुपये प्रति माह पाने के लिए समाज कल्याण विभाग में आवेदन करना पड़ता था, जबकि विधवा के तौर पर 2,500 रुपये की मासिक सहायता के लिए राज्य महिला एवं बाल कल्याण विभाग में एक और आवेदन जमा करना पड़ता था।

उन्होंने कहा, लेकिन अब इन दोनों योजनाओं को समाज कल्याण विभाग के तहत लाया गया है और पात्र विधवा को अब 4,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजना से अपना नाम हटाने के लिए महिला एवं बाल कल्याण विभाग में आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

## तृणमूल नेताओं का दिमाग शाम बाद ठप रहता है: दिलीप घोष

**खड़गपुर, 03 जुलाई [एजेंसी]।**



हमेशा अपने बयानों से खबरों में बने रहने वाले भाजपा नेता दिलीप घोष ने टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ऐसे नेता सिर्फ टीएमसी में ही पाए जाते हैं। भाजपा नेता दिलीप घोष ने आज तृणमूल नेताओं को लेकर कहा, वे हमेशा तभी जागते हैं जब चीजें गलत हो जाती हैं। हर कोई जानता है कि कभी वे ठीक होते हैं, कभी नहीं, और शाम के बाद उनका दिमाग ठीक से काम नहीं करता। इसलिए ऐसे नेता आजकल केवल टीएमसी में ही पाए जाते हैं। बस उनके बयानों और कार्यों को देखें। उन्होंने आगे कहा, अनुब्रत मंडल जैसे नेता को ही देख लें। इतनी बड़ी घटना हुई, उन्होंने एक पुलिस अधिकारी का अपमान किया, फिर भी अधिकारी को सजा दी जा रही है। उनके साथ कुछ नहीं हो रहा है क्योंकि टीएमसी ऐसे क्रुर, असामाजिक तत्वों द्वारा चलाई जाती है।

अगर उन्हें हटा दिया गया, तो पार्टी टूट जाएगी। मंत्री मानस रंजन भुनिया के बयान पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, आरजी कर मामला भी छोटी घटना है और इसे भी छोटी घटना बताया जा रहा है! कालीगंज में जिस लड़की पर बम से हमला हुआ, उसे भी छोटी घटना बताया गया, क्योंकि इन घटनाओं के पीछे उन्हीं की पार्टी के नेता हैं। इसलिए मानस भुनिया जैसे वरिष्ठ नेता और मंत्री को जिम्मेदारी और जागरूकता के साथ बोलना चाहिए। उन्हें सोचना चाहिए कि वे किसके हित में बोल रहे हैं। वे खुद एक डॉक्टर हैं और अगर लोग उन पर भरोसा नहीं कर सकते, तो फिर किस पर भरोसा किया जाएगा। अगर वे ममता बनर्जी को खुश करने के लिए कुछ भी कहते हैं, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दिलीप घोष ने ममता सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, बंगाल के अंदर कोई कार्यक्रम किया जाता है तो उसकी परमिशन के लिए विपक्षी दल को कोर्ट जाना पड़ता है। इतना ही नहीं, नेताओं को भी बंगाल में कहीं भी जाने के लिए कोर्ट का रुख करना पड़ता है। मुझे लगता है कि शादी के लिए भी कोर्ट से परमिशन लेनी पड़ेगी, अगर सरकार का बस चले तो उसकी भी इजाजत न दें।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा, हमास से 60 दिन के सीजफायर पर इजरायल सहमत

**ह्यूस्टन, 03 जुलाई ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास से 60 दिन के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की है। ट्रंप ने बताया है कि इस प्रस्ताव की जरूरी शर्तों पर इजरायल ने सहमति जता दी है। ट्रंप ने 'ट्रुथ' सोशल पर लिखा, मुझे उम्मीद है कि मिडिल ईस्ट की भलाई के लिए हमास इस समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। मौजूदा स्थिति से हालत सिर्फ बदतर ही होंगे।ट्रंप ने लिखा, इजरायल ने 60 दिन के सीजफायर को अंतिम रूप देने के लिए जरूरी शर्तों पर सहमति जताई है। इस दौरान हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने आज गाजा पर इजरायल के साथ लंबी बैठक की। इसके साथ ही ट्रंप ने बताया कि कतर और मिस्र अंतिम प्रस्ताव पेश करेंगे। 'सीएनएन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, नए प्रस्ताव में हमास की कुछ चिंताओं को दूर करने की कोशिश की गई है। सीजफायर के दौरान फिलिस्तीनी कैदियों के बदले इजरायली बंधकों को रिहा किया जाएगा। एजेंसी के अनुसार पिछले सप्ताह ट्रंप ने उम्मीद जताई थी कि अगले एक सप्ताह में गाजा में सीजफायर हो सकता है, लेकिन उस समय उन्होंने और अधिक जानकारी नहीं दी थी। इससे पहले मंगलवार को ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान और गाजा के मुद्दे पर अगले सोमवार को 'व्हाइट हाउस' में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2025 में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। इसके बाद से यह नेतन्याहू का तीसरा 'व्हाइट हाउस' दौरा होगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोमवार को बताया कि ईरान पर इजरायल के हमलों के बाद अब 'इजरायल-हमास संघर्ष' को खत्म करना ट्रंप की प्राथमिकता है। इजरायल ने 18 मार्च को गाजा में अपना सैन्य अभियान फिर से शुरू किया, जिसके साथ दो महीने का सीजफायर खत्म हो गया था। शनिवार को गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने आंकड़े जारी करते हुए बताया कि तब से कम से कम 6,089 फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि 21,013 लोग घायल हुए हैं। अक्टूबर 2023 में हमास-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 56,412 हो गया है, जबकि 133,054 लोग घायल हुए हैं।

## रूस से दोस्ती की तो लगेगा 500 प्रतिशत टैरिफ! डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान से टेंशन में दुनिया

**न्यूयॉर्क ,03 जुलाई ।** टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर फिर से तीखे हो गए है। ट्रंप ने अब एक ऐसे विधेयक को संसद में पेश करने की इजाजत दे दी है, जो रूस से ट्रेड करने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैक्स की वकालत करता है। इसमें चीन के साथ भारत भी है।दक्षिणी कैरोलिना से रिपब्लिकन सांसद लिंडसे ग्राहम ने एक इंटरव्यू में इसका दावा किया है। इंटरव्यू में ग्राहम ने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ी सफलता है क्योंकि इस बिल का प्रस्ताव उन्हीं ने रखा है। ग्राहम ने कहा, यह बिल क्या करता है। यदि आप रूस से उत्पाद खरीद रहे हैं और आप यूक्रेन की मदद नहीं कर रहे हैं, तो आपके उत्पादों पर संयुक्त राज्य अमेरिका में आने पर 500 फीसदी का टैरिफ लगेगा। भारत और चीन पुतिन के तेल का 70 फीसदी खरीदते हैं और ऐसा कर वह रूस के युद्ध मशीन को ईंधन दे रहे हैं। अमेरिकी सांसद का दावा ऐसे वक्त पर आया है, जब भारत अमेरिका से ट्रंड डील फाइनल करने के लिए बातचीत कर रहा है। अमेरिकी सांसद ग्राहम का ये बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत चल रही है। ग्राहम का दावा ये भी है कि ये पहला मौका है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बिल का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि गोल्फ खेलते वक्त अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे कहा कि अब इस विधेयक को आगे बढ़ाने का समय आ गया है।

## तबाही के बीच तीन और शव मिले, पूरा गांव बहा, 34 लापता, वायुसेना से मांगी मदद

**मंडी 03 जुलाई।** हिमाचल में कुदरत का कहर टूटा है। बादल फटने की घटनाओं से हुई तबाही की तस्वीरें धीरे-धीरे सामने आ रही हैं। मंडी के धर्मपुर में स्याठी गांव जल सैलाब में बह गया। 61 ग्रामीण बमुश्किल बचाए गए। बादल फटने के बाद से लापता लोगों में से तीन और के शव मिले हैं। अभी 34 और लोगों की तलाश है। ज्यादातर सराज क्षेत्र के हैं। आपदा प्रभावित कई गांवों तक प्रशासन पहुंच नहीं सका है। करसोग, थुनाग और गोहर में लापता हुए लोगों का अभी कोई सुराग नहीं मिला है। बादल फटने व भूस्खलन से थुनाग और जंजैहली उपमंडल में सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने मंडी जिले के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद रेस्क्यू और आपदा राहत के लिए वायुसेना की मदद मांगी है। कई क्षेत्रों में एनडीआरएफ-एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में लगी हैं। दो शव कांगड़ा कांगड़ा और एक हमीरपुर में मिला है। जोगिंद्रनगर और देहरा में मिले शवों के भी बाढ़ पीड़ित होने की शिनाख्त हुई है। सोमवार रात को बादल फटने और भारी बारिश-भूस्खलन से प्रदेश में 245 सड़कें अभी भी अवरुद्ध हैं। मंडी जिले के कई इलाके कट गए हैं। मंडी में 16 लोगों समेत प्रदेश में 18 लोगों की मौत हुई है। एनडीआरएफ अभी तक थुनाग बाजार तक पैदल पहुंची है। जिला प्रशासन थुनाग के आगे पखरैर तक नहीं पहुंच पाया है। पखरैर से करीब एक दर्जन से अधिक लोग लापता चल रहे हैं।इसके अलावा जरोल में भी जिला प्रशासन की पहुंच नहीं बन पाई है। जंजैहली में भी यही हालात हैं। जंजैहली में पुलिस तो है, लेकिन जिला प्रशासन नहीं पहुंचा है। बल्ह पुलिस थाना से भी अतिरिक्त टीमें जंजैहली की तरफ रवाना की गई हैं। स्थानीय थुनाग प्रशासन अपने स्तर पर मोर्चा संभाले हुए हैं, लेकिन भीषण आपदा के आगे सब बेबस नजर आ रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही मंडी में 148 घर, 104 गोशालाएं, 14 पुल ध्वस्त हो गए हैं। 31 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। प्रदेश में 918 बिजली ट्रांसफार्मर व 683 पेयजल योजनाएं ठप होने से कई इलाकों में बिजली पानी का संकट हो गया है। कुल 370 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। कुल्लू की बंजार घाटी में फंसे करीब 250 सैलानी सुरक्षित निकाल लिए गए हैं।मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को धर्मपुर की लौंगणी पंचायत के आपदा प्रभावित स्याठी गांव का दौरा किया। उन्होंने बादल फटने से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया। प्रभावित परिवारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए विशेष राहत पैकेज दिया जाएगा। साथ ही गाय, बकरी, भेड़ सहित पशुधन के नुकसान के साथ नष्ट गोशालाओं के लिए भी बढ़ा हुआ मुआवजा प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंडी-कोटली सड़क को हुए नुकसान का भी निरीक्षण किया। सीएम ने कहा कि चट्टानी सतह के खिसकने के कारणों का पता लगाने के लिए अध्ययन किया जाएगा।



प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं के पीछे जलवायु परिवर्तन भी एक कारण हो सकता है। केंद्र-राज्य सरकारों को सामूहिक रूप से ऐसी घटनाओं के कारणों का अध्ययन करना चाहिए। लापता की तलाश करने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत प्रशासन और ग्रामीण दिन-रात जुटे हुए हैं। सराज विस क्षेत्र में तीसरे दिन भी बिजली-पानी और दूरसंचार सेवाएं ठप हैं। इससे रेस्क्यू व सर्च आपरेशन में भी बाधा हो रही है। स्यांज व करसोग के साथ सराज घाटी में सर्च ऑपरेशन जारी है। स्यांज से बहे दो शव की शिनाख्त के बाद बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को जिला मंडी के आपदा प्रभावित थुनाग और जंजैहली क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और प्रभावित लोगों को स्वयं राहत सामग्री वितरित की।

मुख्यमंत्री सेना के हेलिकाप्टर से सरकाघाट से थुनाग के रैन गलू हेलीपैड पहुंचे। उन्होंने प्रशासन को तुरंत हवाई मार्ग से राहत सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए। थुनाग-जंजैहली में हाल ही में बादल फटने की घटनाओं के कारण सड़क मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए हवाई मार्ग से राहत सामग्री पहुंचाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई 1000 राहत किटों में आटा, चावल, दाल, तेल, नमक तथा अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। कुल 172 राहत किट वितरित की गईं, जिनमें से 90 किटें रैन गलू हैलीपैड पर, 82 किटें जंजैहली क्षेत्र में पहुंचाई गईं।



## सादिया खतीब बॉलीवुड की एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं, जो फिल्म सिला में हर्षवर्धन राणे के साथ करेंगी रोमांस?

पिछले कुछ दिनों से अभिनेता हर्षवर्धन राणे अपनी आगामी फिल्म सिला को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान ओमंग कुमार ने संभाली है, जिन्हें मैरी कॉम और सरबजीत जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। सिला में हर्षवर्धन की जोड़ी अभिनेत्री सादिया खतीब के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। आइए हम आपको बताते हैं कि आखिर सादिया हैं कौन।

सादिया बॉलीवुड की एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 18 सितंबर, 1997 को जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह में हुआ था। सादिया ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की है। हालांकि, उन्हें बचपन से अभिनय में रुचि थी। सादिया ने फिल्म शिकारा के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म साल 2020 में रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी।

सादिया फिल्म रक्षा बंधन में अभिनेता अक्षय कुमार के साथ काम कर चुकी हैं। उन्होंने फिल्म में अक्षय की बहन की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में सादिया के काम को काफी पसंद किया गया था। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी यह फिल्म 11 अगस्त, 2022 को दर्शकों के बीच आई थी। सादिया आखिरी बार फिल्म द डिप्लोमैट में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने जॉन अब्राहम के साथ काम किया था। शिवम नायर इस फिल्म के निर्देशक हैं।



## गोल्डन ड्रेस में सोनल चौहान ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान, फैंस बोले- कभी भी न हटाएं!

एक्ट्रेस सोनल चौहान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं. गोल्डन बॉडीकॉन ड्रेस में सोनल का यह फोटोशूट इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है. इन तस्वीरों में सोनल चौहान गोल्डन शिमरी ड्रेस में नजर आ रही हैं, जो उनकी फिगर को खूबसूरती से कॉम्प्लीमेंट कर रही है. रेड बैकग्राउंड और सॉफ्ट लाइटिंग में खिंची गई इन तस्वीरों ने उनके लुक को और भी ग्लैमरस बना दिया है. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कैप्शन लिखा - अगर आपको इनमें से एक तस्वीर हटानी हो तो आप कौन सी तस्वीर हटाएंगे?? लेकिन फैंस का कहना है कि इन तस्वीरों में से कोई भी डिलीट नहीं होनी चाहिए क्योंकि ये सभी शुद्ध सोना हैं.एक यूजर ने कमेंट किया - क्या तुम मजाक कर रहे हो? यह शुद्ध सोना है। इसे कभी मत हटाना!

# एक्वेरियम में रखना चाहते हैं बेट्टा मछली? खरीदने से पहले जान लें ये बातें



बेट्टा मछली अपने रंग-बिरंगे पंखों और शांत स्वभाव के कारण एक्वेरियम के लिए एक लोकप्रिय विकल्प है। हालांकि, इसे खरीदने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपकी मछली स्वस्थ और खुशहाल रहे। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे जरूरी टिप्स देंगे, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। इससे न केवल आपकी मछली खुशहाल रहेगी बल्कि आपके घर की सजावट भी बढ़ेगी। आइए जानें कि बेट्टा मछली खरीदने से पहले क्या-क्या ध्यान रखना चाहिए।

सही आकार का एक्वेरियम चुनें

बेट्टा मछली के लिए एक्वेरियम का आकार बहुत अहम है। छोटे टैंकों में बेट्टा मछली रखने से उसका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इसलिए एक्वेरियम कम से कम 5-10 गैलन का होना चाहिए ताकि मछली को पर्याप्त जगह मिल सके और उसका माहौल स्थिर रह सके। इसके अलावा बड़े एक्वेरियम में पानी के तापमान और गुणवत्ता को नियंत्रित करना आसान होता है, जिससे आपकी मछली स्वस्थ और खुशहाल रहती है।

पानी की गुणवत्ता का रखें ध्यान

बेट्टा मछली के लिए साफ और ताजा पानी जरूरी है। पानी का अम्लीय स्तर 6.5 से 7.5 के बीच होना चाहिए और पानी में हानिकारक तत्वों की मात्रा कम होनी चाहिए। हफ्ते में एक बार पानी बदलना चाहिए, लेकिन ध्यान रखें कि नए पानी का तापमान भी समान हो ताकि मछली को झटका न लगे। इसके अलावा पानी में क्लोरीन न हो, इसलिए नल का पानी इस्तेमाल करने से पहले उसे फिल्टर करें।

सही तापमान बनाए रखें

बेट्टा मछली गर्म पानी पसंद करती है, इसलिए एक्वेरियम का तापमान 24 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच होना चाहिए। इसके लिए आप पानी गर्म रखने वाला यंत्र इस्तेमाल कर सकते हैं, जो पानी को स्थिर तापमान पर बनाए रखने में मदद करेगा। इसके अलावा समय-समय पर तापमान जांचते रहें ताकि किसी भी तरह की असुविधा से बचा जा सके और आपकी मछली स्वस्थ और खुशहाल रहे।

अन्य मछलियों के साथ मिलान करें

अगर आपके एक्वेरियम में अन्य मछलियां भी होंगी तो उनकी प्रजाति का ध्यान रखें। कुछ प्रजातियां बेट्टा मछली के साथ नहीं रह पातीं या उसे नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसी प्रजातियों से बचें जो बेट्टा मछली के पंख काट सकती हैं या उसे परेशान कर सकती हैं, जैसे कि तेजतर्रार या आक्रामक मछलियां। इसके बजाय शांत स्वभाव वाली मछलियों का चयन करें ताकि सभी मछलियां मिल-जुलकर रह सकें और बेट्टा मछली खुशहाल रहेगी।

खान-पान पर दें ध्यान

बेट्टा मछली को स्वस्थ रखने के लिए सही खान-पान देना बहुत जरूरी है। बाजार में कई तरह की मछली खाना उपलब्ध होते हैं, लेकिन उनमें से कौन सा सबसे अच्छा है, यह जानना जरूरी है। उच्च गुणवत्ता वाले मछली के खाने का चयन करें, जो विशेष रूप से बेट्टा मछली के लिए बनाए जाते हैं। इसके अलावा हफ्ते में दो बार छोटे हिस्सों में खाना दें और कभी भी ज्यादा खाना न दें ताकि वे स्वस्थ रहें।

## शादियों में पहनने के लिए बेहतरीन हैं ये 5 तरह के ईयररिंग्स, लगेंगी बहुत खूबसूरत



भारतीय शादियों में झुमकों का खास महत्व होता है। ये न केवल महिलाओं की सुंदरता को बढ़ाते हैं, बल्कि पारंपरिकता का भी प्रतीक हैं। झुमकों की अलग-अलग शैलियां और डिज़ाइन उन्हें खास बनाते हैं। चाहे आप किसी बड़ी शादी में जा रही हों या किसी छोटे समारोह में, ये झुमके आपके लुक को निखार देंगे। आइए आज हम आपको कुछ बेहतरीन पारंपरिक झुमकों के बारे में बताते हैं, जो हर शादी के परिधान के साथ जचेंगे।

चांदबाली

चांदबाली एक लोकप्रिय पारंपरिक झुमका है, जो खासकर पंजाब और उत्तर भारत में बहुत पसंद किया जाता है। इनका डिज़ाइन चाँद की तरह होता है, जिसमें सोने और मोती का उपयोग किया जाता है। चांदबाली न केवल सुंदर दिखती हैं, बल्कि इनका वजन हल्का होता है, जिससे इन्हें पहनना आरामदायक होता है। आप इन्हें किसी भी पारंपरिक कपड़े के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

झुमका

भारतीय शादियों में झुमका एक अहम हिस्सा होता है। ये गोल आकार के होते हैं और इनमें अलग-अलग रंगों के स्टोन का उपयोग किया जाता है। झुमका सोने, चांदी या प्लाटिनम से बने होते हैं, जिनमें कीमती स्टोन जड़े होते हैं। ये झुमका आपके चेहरे को निखार देते हैं और किसी भी पारंपरिक कपड़े के साथ अच्छे लगते हैं। इनका डिजाइन इतना आकर्षक होता है कि ये किसी भी शादी के परिधान को खास बना देते हैं।

मीनाकारी झुमका

मीनाकारी एक ऐसी तकनीक होती है, जिसमें रंग-बिरंगे स्टोन का उपयोग किया जाता है। ये झुमका राजस्थान और गुजरात जैसी जगहों पर बहुत लोकप्रिय हैं। मीनाकारी झुमकियों में लाल, हरे, नीले जैसे चमकीले रंगों का उपयोग होता है, जो इन्हें बेहद आकर्षक बनाता है। अगर आप किसी पारंपरिक कपड़े के साथ मीनाकारी झुमका पहनती हैं तो आपका लुक और भी खास लगता है। ये झुमका शादी के किसी भी परिधान के साथ जचती हैं।

टेंपल झुमका

भगवान तिरुपति या मां लक्ष्मी के डिजाइन में बनने वाले झुमकों का अपना ही एक अलग महत्व होता है। मंदिर के डिजाइन वाले झुमके सोने से बने होते हैं, जिनमें कई भगवानों की छवि होती है। इनका उपयोग पूजा-अर्चना के दौरान किया जाता है, लेकिन ये शादी के परिधान के साथ भी बहुत अच्छी लगती हैं। टेंपल डिजाइन झुमका आपके चेहरे पर एक शाही अंदाज लाते हैं और किसी भी पारंपरिक कपड़े के साथ अच्छी लगते हैं।

कश्मीरी झुमका

कश्मीर अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है, वहीं वहां बनने वाली चीजें भी बहुत खूबसूरत होती हैं। कश्मीरी झुमका सोने की चेन से बनाए जाते हैं, जिनमें फूलों के डिजाइन होते हैं।

इनका उपयोग शुभ अवसरों में किया जाता है, लेकिन ये शादी के परिधान के साथ भी अच्छे लगते हैं। कश्मीरी झुमका आपके चेहरे को निखार देते हैं और किसी भी पारंपरिक कपड़े के साथ अच्छे लगते हैं।

## टाइगर श्रॉफ की 'बागी 4' को लेकर फैंस में क्रेज, बिना ट्रेलर के इंटरनेट पर मचाया धमाल



टाइगर श्रॉफ की एक झलक पाने के लिए फैन्स बेताब हैं, और इसका ताज़ा उदाहरण है 'बागी 4'। हैरानी की बात यह है कि अभी तक फिल्म का कोई ऑफिशियल टीज़र या ट्रेलर रिलीज़ नहीं हुआ, लेकिन इंटरनेट पर इस फिल्म को लेकर जबर्दस्त क्रेज़ बना हुआ है। फैनमेड पोस्टर, एआई - जनित एक्शन क्लिप्स और नकली ट्रेलर इतने रियल लगते हैं कि लोग इन्हें ऑरिजिनल समझने की गलती कर बैठते हैं।

आजकल सोशल मीडिया पर जो सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रहा है, वो है बागी 4 का ट्रेलर लीक जैसे वीडियो। यूट्यूब से लेकर इंस्टाग्राम रील्स तक, काल्पनिक फाइट सीक्वेंस, एआई से बनी टाइगर श्रॉफ की स्टाइलिश एंट्री, और एडिटेड क्लिप्स ने एक अलग ही माहौल बना दिया है।

यह सिर्फ फैन एडिट नहीं हैं, यह एक मूवमेंट है। टाइगर श्रॉफ की 'बागी' फ्रैंचाइज़ी ने हमेशा एक वफादार दर्शक वर्ग तैयार किया है, लेकिन 'बागी 4' के लिए लोगों की दीवानगी पहले से कहीं अधिक दिखाई दे रही है। फेक क्लिप्स के लाखों व्यूज़, कमेंट सेक्शन में फिल्म की तारीफें, और वॉट्सऐप फॉरवर्ड्स में वायरल होती फैन थ्योरीज़—यह सब इस बात का सबूत हैं कि जनता इस फिल्म के लिए कितनी उत्साहित है।

टाइगर श्रॉफ की ब्रांड वैल्यू अब सिर्फ सिनेमा हॉल तक सीमित नहीं रही। उनका एक्शन, फिटनेस और लाइफस्टाइल आज की युवा पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है। यही वजह है कि बिना किसी प्रमोशनल कैम्पेन के भी 'बागी 4' ऑनलाइन वर्ल्ड में ट्रेंडिंग टॉपिक बना हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर जुलाई 2025 में रिलीज़ हो सकता है। लेकिन अगर नकली टीज़र्स ही इतना बवाल मचा रहे हैं, तो सोचिए जब असली ट्रेलर आएगा, तो इंटरनेट कैसे हिल जाएगा! यह फिल्म टाइगर श्रॉफ के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग बन सकती है।

## बॉक्स ऑफिस पर मंडे टेस्ट में औंधे मुंह गिरी विष्णु मांचू की कन्नप्पा, काजोल की फिल्म मां की कमाई की रफ्तार धीमी



27 जून 2025 को थिएटर्स में कन्नप्पा और मां एक साथ रिलीज हुई. दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत करते हुए वीकेंड पर भी अच्छा कलेक्शन किया. तीन दिनों में कन्नप्पा ने 23.75 करोड़ और मां ने 17.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. वहीं हाल ही में विष्णु मांचू की फिल्म पाइरेसी का शिकार हो गई जिसके बाद एक्टर ने ट्वीटर पर इसको लेकर दुख जताया और ऑडियंस से इसे सपोर्ट ना करने की रिक्वेस्ट की. हालांकि इसका असर उनके मंडे कलेक्शन पर भी पड़ा और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर चौथे दिन गिरावट दर्ज की.विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा ने 9.35 करोड़ के साथ बेहतरीन शुरुआत की थी. इसके बाद दूसरे दिन 7.15 करोड़ और तीसरे दिन 6.9 करोड़ के साथ फिल्म ने वीकेंड कलेक्शन 23.75 करोड़ कर लिया था. हालांकि सोमवार को फिल्म ने गिरावट दर्ज की और चौथे दिन सिर्फ 2.50 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ फिल्म का चार दिनों का कलेक्शन 25. 90 करोड़ रुपये हो गया है.दूसरी तरफ काजोल की माइथोलॉजिकल हॉरर मां की बात करें तो इसने बॉक्स ऑफिस पर 4.65 करोड़ रुपये से खाता खोला. दूसरे दिन फिल्म ने 6 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 7 करोड़ रुपये की कमाई करने के साथ ही वीकेंड कलेक्शन 17.50 करोड़ रुपये का किया. वहीं चौथे दिन फिल्म कुछ खास कमाई नहीं कर पाई और इसने बॉक्स ऑफिस पर 2.25 करोड़ रुपये कमाए. इसके साथ ही चार दिनों की टोटल कमाई 19.90 करोड़ रुपये हो गई है. दोनों फिल्मों के बजट की बात की जाए तो कन्नप्पा का बजट 200 करोड़ रुपये है वहीं इसकी स्टारकास्ट भी जबरदस्त है जिसमें विष्णु मांचू के साथ अक्षय कुमार, प्रभास, मोहनलाल, मोहनबाबू, काजल अग्रवाल जैसे कलाकार शामिल हैं. वहीं मां का बजट लगभग 65 करोड़ है. कन्नप्पा को मुकेश कुमार सिंह ने डायरेक्ट किया है वहीं मां को विशाल फूरिया ने. मां में काजोल ने लीड रोल प्ले किया है, उनके अलावा फिल्म में रोनित रॉय बोस, इंद्रनील सेनगुप्ता, खेरिन शर्मा जैसे कलाकार शामिल हैं.

### सू- दोकू क्र.097

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.096 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

### शब्द सामर्थ्य -097

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 096 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

### बॉक्स ऑफिस पर फिल्म सितारे जमीन पर ने 11वें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 11 दिन पूरे हो गए हैं। उनकी यह फिल्म पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म ने भारत में 126 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है, वहीं दुनियाभर में इसने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। आइए जानें सितारे जमीन पर ने 11वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया है। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, सितारे जमीन पर ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 3.75 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ अब भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 126.40 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। गौरतलब है कि सितारे जमीन पर के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर ने खुद इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर किया है। सितारे जमीन पर में आमिर की जोड़ी जेनेलिया डिसूजा के साथ बनी है।

# स्वास्थ्य,राजस्व और खाद्य सेवाओं में कसावट लाने से जनता को मिलेगी सहुलियत, बैठक में बोले डीएम

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित के कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सुदूरवर्ती गांवों में उचित मूल्य की दुकानें दूर होने की स्थिति में गांव में ही राशन उपलब्ध कराने और राशन वितरण को समयबद्ध व व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने मानसून को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सुदूर इलाकों में प्राथमिक उपचार, दवा और जांच की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने स्कूल, आंगनवाड़ी भवनों व अन्य जर्जर शासकीय भवनों की सूची उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि समय पर डिस्मेंटल कराया जाए और कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने जाति व निवास प्रमाण पत्रों के त्वरित निराकरण हेतु 15 जुलाई के बाद संकुल स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि हर शुक्रवार को इसकी प्रगति की रिपोर्ट दी जाए। बैठक में बीएसएनएल अधिकारी द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के कार्य के दौरान पाइपलाइन डालते समय केबल क्षतिग्रस्त हो गई है। कलेक्टर ने इस पर पीएचई विभाग को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार की कार्यवाही के निर्देश दिए और भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की चेतावनी दी। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुई चोरी की घटना पर कलेक्टर ने गंभीरता दिखाते हुए बाउंड्री



वॉल, गार्ड रूम निर्माण तथा सीवरेज पाइप सुधार की स्वीकृति देने और त्वरित कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ जल संसाधन विभाग कॉलोनी में वृक्षारोपण करने को भी कहा गया। कलेक्टर ने बैकुंठपुर, शिवपुर चरचा, पटना के तीनों नगरीय निकायों के अधिकारियों, जनपद सीईओ और पशुपालन विभाग को सख्त निर्देश दिए कि सड़कों पर घूमते आवारा मवेशियों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखें। ऐसा नहीं करने पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक में राजस्व विभाग के नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन, ई-कोर्ट, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, पीएम किसान पंजीयन, स्वामित्व योजना आदि से संबंधित मामलों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 3 से 5 वर्षों से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें, और त्रुटि सुधार हेतु विशेष शिविरों का आयोजन करें। साथ ही आवेदकों को स्पष्ट जानकारी दें कि आवेदन के कितने दिन बाद निराकरण होगा। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी बच्चों के जाति प्रमाण पत्र और शासकीय कार्यालयो हेतु भूमि आवंटन के मामलों की स्थिति भी जानी। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों से कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसमें किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

## जहरीला मशरूम खाकर बीमार हुआ पूरा परिवार

**सूरजपुर।** जिले के डेडरी गांव में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक ही परिवार के 10 सदस्य जहरीला मशरूम खाने से बीमार हो गए। परिवार ने जंगल से लाए गए मशरूम को भोजन में इस्तेमाल किया, जिसके कुछ ही समय बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टी, दस्त, चक्कर और कमजोरी की शिकायत पर परिजनों को तुरंत जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ सदस्य जंगल से मशरूम तोड़कर लाए थे और पूरे परिवार ने मिलकर उसे पकाकर खाया। खाने के कुछ घंटों बाद बच्चों समेत सभी को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां शुरू हो गईं। पड़ोसियों की मदद से सभी बीमारों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टर सौरभ अग्रवाल ने बताया कि मशरूम में जहर होने के कारण सभी 10 लोगों की तबीयत बिगड़ी है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। फिलहाल सभी की स्थिति स्थिर है और आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। गौरतलब है कि मानसून के दौरान जंगली मशरूम की पहचान करना मुश्किल होता है और अक्सर जहरीले मशरूम खाने से इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं। डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि बिना विशेषज्ञ की सलाह के जंगली मशरूम का सेवन न करें।

## सर पर हथौड़ी से मार-मार कर प्रेमिका की हत्या

**रामानुजगंज।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में सत्र न्यायाधीश के द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते में प्रेमी के द्वारा प्रेमिका को हथौड़ी से सिर में मार मार कर हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिले के कुसमी थाना अंतर्गत आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश में विचाराधीन था मामले में विद्वान न्यायाधीश हेमंत शर्राफ के द्वारा दोनों पक्षों की दलिल सुनने के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के के तहत आजीवन कारावास एवं ?500 अर्थ दंड की सजा सुनाई। इस प्रकार हुआ था घटना..... मृतिका सरिता एक्का बेल स्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड कार्यालय कुसमी ब्रांच अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ थी। घटना के दिनांक 10. 8. 2022 को अपने कार्यालय में वह बैठी थी इसी दौरान उसके प्रेमी आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा आया एवं हथौड़ी से ताबड़तोड़ उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वह लहू लुहान हो गई इलाज के लिए उसे उसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी के बाद मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर एवं वहां भी स्थिति नहीं संभलने की स्थिति में रायपुर रिफर किया गया जहां इलाज के दौरान 17.8.2022 को उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी मनोज सरिता से प्यार करता था वह उसके घर में आना-जाना करता था परंतु आरोपी पहले से शादीशुदा था जिस कारण 9 अगस्त 2022 को उसे आने-जाने से घर वालों ने मना किया जिससे वह काफी गुस्से में था जिसके बाद वह घटना को अंजाम दिया। मामले में कुसमी थाना में धारा 452,307 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था सरिता की इलाज एवं मृत्यु के बाद 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय में सत्र न्यायाधीश हेमंत सर्राफ के द्वारा दोनों पक्षों की दलील सुनते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई अभियोजन पक्ष की ओर से विद्वान लोग अभियोजक अशोक गुप्ता के द्वारा पैरवी की गई। सत्र न्यायाधीश के द्वारा प्रकरण में सीसीटीवी फुटेज की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट को अभियोजन के द्वारा प्रकरण के अंतिम विचारण तक प्रस्तुत नहीं किया गया जो कि प्रकरण की विवेचना अधिकारी के धारा 302 भारतीय दंड संहिता हत्या जैसे गंभीर अपराध के संबंध में घोर लापरवाही को दर्शाता है। उसके द्वारा उक्त फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में क्या प्रयास किया गया यह न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। तथा हत्या जैसे गंभीर अपराध के प्रकरण में घोर लापरवाही के लिए विवेचना अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की गई। विवेचना अधिकारी सुनील केरकेट्टा एवं रमेश मरकाम थे।

# स्वामी आत्मानन्द हिन्दी माध्यम विद्यालय कटगोड़ी में शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कटगोड़ी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं अतिथियों के स्वागत पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी जीतेन्द्र गुप्ता ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शिवकुमारी सोनपाकर ,जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा सोनपाकर ,भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े ,एस एम डी सी अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद राजवाड़े ,जनपद सदस्य श्रीमती आलेश्वरी गौतम, सरपंच श्रीमती पुष्पा रामकुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि रामप्रताप सिंह, संदीप साहू भाजपा मंडल महामंत्री मनोज साहू,सांसद प्रतिनिधि दरोगी राम राजवाड़े, मंडल उपाध्यक्ष राजेश साहू, प्रकाश राजवाड़े, हरिश्चंद्र राजवाड़े, शिवाली सिंह, विश्वनाथ साहू,विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह, बी आर सी एरोन बखला ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक,गुलदस्ता एवं मुंह मीठा कराकर अभिनंदन किया गया एवं पाठ्यपुस्तक प्रदाय किया।

जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जीतेंद्र गुप्ता एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए शुभकामनाएं दीं ,साथ ही बोर्ड परीक्षा 2025 में संस्था का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों को बधाई दिया। सरपंच श्रीमती पुष्पा रामकुमार सिंह के सौजन्य से न्योता भोज का आयोजन हुआ। संस्था से 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले प्रधान पाठक अशोक कुमार मिश्रा का श्रीफल साल से अभिनंदन कर उनके स्वस्थ दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन हेतु शुभकामनाएं दी गई। उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन आई डी राजवाड़े व्याख्याता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पालक गण प्राचार्य वीरेन्द्र तिवारी,शम्भू सिंह,श्रीमती स्वाति त्रिपाठी,अँजेलुष टोप्पो उमेश पटेल ,अरुणा दीक्षित, दीपिका गायकवाड़, अंजू ठाकुर, कुसुम पैकरा,सी ए सी अनिल सिंह बी एल सीलर, सूरज यादव,ग्लोरिया बड़ा, चंद्रवती सिंह,सुमन,गीता सिंह,गायत्री मुराली,अमरावती सिंह,एवं विद्यालय के विद्यार्थी एवं विद्यालय के स्टॉफ प्रीति सिंह,माधुरी, संजय एवं रामचरित्र उपस्थित थे।

## राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सूरजपुर।** जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एस. जयवर्धन ने की। इस दौरान उन्होंने जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निराकरण समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर जयवर्धन ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तत्परता और संवेदनशीलता बेहद आवश्यक है। उन्होंने सीमांकन, बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, भू-अभिलेख, भू-अर्जन, वन अधिकार पट्टा नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन सहित सभी प्रकार के लंबित प्रकरणों की प्रगति की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि आम जनता को समय पर न्याय मिले और उनकी राजस्व से संबंधित समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए।

## कृषि स्थाई समिति की बैठक में सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया गया जोर



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में कृषि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर कृषि स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक उपसंचालक कृषि के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें समिति के अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता उदय, कृषि विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि और विभिन्न पंचायतों से आए किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद की उपलब्धता, बीज वितरण की पारदर्शिता और राज्य एवं केंद्र सरकार की कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था।

बैठक की शुरुआत समिति अध्यक्ष द्वारा जिले में पिछले वर्ष की कृषि स्थिति की समीक्षा से हुई। उन्होंने बताया कि जिले के कई क्षेत्रों में खाद और बीज की अनुपलब्धता के कारण किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इसे ध्यान में रखते हुए इस वर्ष पहले से ही भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में इस खरीफ सीजन के लिए खाद पहले ही जिले की प्रमुख सहकारी समितियों और बिक्री केंद्रों तक पहुंचा दी गई है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि किसान आधार कार्ड एवं समग्र आईडी के माध्यम से ही खाद खरीद सकें ताकि किसी प्रकार की कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जा सके। बीज वितरण को लेकर अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष प्रमाणित एवं संशोधित बीजों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उक्त बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, सुरेश कुमार सिंह, राजेश कुमार भारती उपसंचालक कृषि एवं (पदेन सचिव कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत कोरिया) डॉ विभा सिंह बघेल (उपसंचालक पशु), एस एम द्विवेदी (सहायक संचालक मत्स्य), डॉ के सी राजहंस ( के बी के) गिरजा शंकर साहू (नोडल अधिकारी), श्रीमती प्रीति भारद्वाज (डीएमओ), संतोष कुमार भगत (प्रबंधक बीज निगम), मिथिलेश चंद्रा सहित अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैसे बचे साइबर अपराध से, पुलिस ने स्कूल में कार्यक्रम कर छात्रों को दी जानकारी



**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनहत के कक्षा 11 वी एवं 12वी के छात्र छात्राओं को सोनहत थाना प्रभारी हेमंत अग्रवाल के द्वारा साइबर क्राइम तथा अन्य अपराध से बचने के उपाय बताया गया साथ थाना के सभी कक्षों का भ्रमण कराया गया और वहां की कार्यशैली से अवगत कराया गया । बच्चों के द्वारा पूछे गए कुछ प्रश्नों पर टी आई साहब के द्वारा उन्हें संतोष प्रद जानकारी दी गई । साथ ही पुलिस से नहीं डरने और उनका सहयोग करने की बात कही।

## सलका भंडारपारा चौक में बिजली व्यवस्था का अभाव, दुर्घटनाओं की बनी रहती है आशंका



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय के नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के अंतर्गत आने वाले सलका भंडारपारा चौक में बिजली व्यवस्था के अभाव ने स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह क्षेत्र नगर का प्रवेश द्वार होने के साथ-साथ व्यस्ततम चौराहा भी है, जहां दिन-रात वाहन और लोगों की आवाजाही बनी रहती है। लेकिन अंधेरे में डूबा यह चौक लोगों के लिए खतरे का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय चौक पर लाइट नहीं होने से कई बार सड़क हादसे होने की स्थिति बन जाती है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को रास्ता समझने में परेशानी होती है, वहीं पैदल चलने वाले बुजुर्ग और बच्चे भी हमेशा दुर्घटना के भय में रहते हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जब सड़क पर जलभराव व कीचड़ के कारण गिरने की घटनाएं होती हैं। चौक के पास रहने वाले नागरिकों ने कई बार नगर पालिका से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय ग्रामीण भी बिजली व्यवस्था के अभाव से परेशान हैं, क्योंकि इससे उनकी दुकानों और व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। चौक के आसपास अंधेरा होने से असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ जाती है, जिससे चोरी और छेड़छाड़ जैसी घटनाएं होने का भी खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासीयो ने बताया, यह चौराहा नगर का प्रवेश द्वार है, लेकिन यहाँ अंधेरा पसरा रहता है। रात में आने-जाने वाले वाहन चालकों को रास्ता साफ नजर नहीं आता, कई बार छोटे-बड़े हादसे भी होते हैं। हमने कई बार अधिकारियों से आग्रह किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस संबंध में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे ने चर्चा के दौरान बताया कि नगर पालिका का सीमा तो नहीं है लेकिन जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के नगर पालिका का प्रवेश द्वार है नगर पालिका बैकुंठपुर बिजली सहित अन्य व्यवस्था करेगी जिससे आम नागरिक एवं वाहन चालकों को सुविधा हो।

## भूतपूर्व पंचायत पदाधिकारियों से बकाया वसूली की कार्यवाही जारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में भूतपूर्व एवं पंचायत पदाधिकारियों से बकाया वसूली की कार्यवाही तेजी से की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों द्वारा यह कार्यवाही 01 जनवरी 2025 से 30 जून 2025 के मध्य निरंतर रूप से की गई। जनपद पंचायत सोनहत में 11,45,776 रुपये की बकाया राशि से संबंधित प्रकरण दर्ज किए गए थे। इस अवधि में 8,47,776 रुपये की राशि वसूल/समायोजित कर ली गई है, जबकि 2,98,000 रुपये की राशि वसूली योग्य शेष है। सोनहत में बकायादारों की संख्या 12 से घटकर दो गई है, वहीं जनपद पंचायत बैकुंठपुर में लगभग 63,30,000 रुपये की बकाया राशि हेतु प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें से 32,33,379 रुपये की राशि अब तक वसूल/समायोजित की जा चुकी है, जबकि 30,94,600 की राशि अभी भी बकाया है। बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 27 बकायादार थे अब 9 बच गए हैं। जिला पंचायत के उप संचालक ने जानकारी दी है कि शेष सभी बकायादारों से राशि की वसूली की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वसूली में कोई ढिलाई न बरती जाए तथा सभी प्रकरणों का शीघ्र निपटारा किया जाए। जिला पंचायत कार्यालय ने यह भी बताया कि यह कार्यवाही पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है, ताकि पंचायत स्तरीय वित्तीय अनुशासन को बनाए रखा जा सके।

## माध्यमिक शाला खोड में प्रवेश उत्सव पर विद्यार्थियों को दी गई पुस्तकें



**कोरिया पांडवपारा।** नव प्रवेशी मंगल तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान करते हुए स्कूल ड्रेस एवम् पाठ्य पुस्तक दिया गया। शाला प्रवेश उत्सव में संकुल प्राचार्य एस के द्विवेदी, सरपंच मंगल सिंह, अध्यक्ष गोरेलाल,प्रधान पाठक अनंत लाल गुप्ता, राकेश त्रिपाठी, सहा. शिक्षक राजकुमार प्रधान, रावेंद्र प्रताप , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती उर्मिला मिश्रा, स्ष्ट सदस्य एवं पालक गणों के गरिमामय उपस्थित में संकुल प्राचार्य एवं एच पी साहू द्वारा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य कामनाओं के साथ शैक्षिक कार्य तथा शासन के विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को पढ़ाई के प्रति अभिप्रेरित किया गया। शाला में पदस्थ प्रधान पाठक एच पी साहू, शिक्षक अवधेश प्रताप सिंह, सुश्री सुष्मिता पाण्डेय, चंद्रकुमार साहू कुलदीप श्रीवास तथा सहायिकाओं एवं छात्रों का सहयोग सराहनीय रहा। सभी छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया जाकर मिष्ठान (जलपान ) कराया गया।

# 15 जुलाई तक जिले में विभिन्न स्थान पर लगेंगे धरती आबा शिविर

**सूरजपुर।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय समुदायों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं से जोड़ने के लिए 15 से 30 जून तक शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें सकरात्मक परिणाम मिला, परिणाम और बेहतर हो जिसके तहत पुनः शिविर का आयोजन जिले में 01 से 15 जुलाई तक आयोजित किया जाना है। जिसे सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर को नोडल अधिकारी तथा विकासखण्ड स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं मण्डल संयोजको को सहायक नोडल अधिकारी बनाये गए है। शिविर का आयोजन विकासखण्ड भैयाथन में 01 से 03 जुलाई तक ग्राम बैजनापुर, सावांरावां, गोविन्दगढ़, खाड़ापारा, घोंसा एवं तरका में, 04 से 06 जुलाई तक ग्राम पटियाडांड, चौनपुर, मोहली, केवटाली में, 07 से 09 जुलाई तक ग्राम चंद्रपुर, पहाड़ अमोरनी, पलमा, चन्द्रमेढ़ा एवं कटिन्दा में, 10 से 12 जुलाई तक ग्राम गंगोटी, कुर्रीडीह, कुसमुसी एवं सुन्दरपुर में, 13 से 15 जुलाई तक ग्राम बुंदिया, धरमपुर, लक्ष्मीपुर, सुदामानगर, सोनपुर एवं राई में किया जाना है। विकासखण्ड ओडगी में शिविर का आयोजन 01 जुलाई को ग्राम बेगारीडांड, दवेढी, कांतिपुर, सेमरा एवं विशालपुर में, 02 से 03 ग्राम तक पेंडारी, पासल, खैरा, कछिया, खोहिर, कोल्हुवा एवं उमझर में, 04 से 05 जुलाई ग्राम तक केसर, छतौलिबिजो, खोड़, इंजानि, टमकी, मसनकी में, 06 जुलाई को ग्राम कुप्पा, लांजित, मयूरधक्की, चिकनी में, 07 से 08 जुलाई तक ग्राम खड़ौली, रैसरा, रैसरी, जाज एवं करौटी-बी में, 09 से 10 जुलाई तक ग्राम माड़र, भकुरा, भांडी, दवनसरा, दवना एवं टोमो में, 11 जुलाई को ग्राम छतरंग, पालकेवरा, घुईडीह एवं बड़वार में, 12 जुलाई को ग्राम कर्री, चपदा, कुप्पी एवं धरसेडी में, 13 से 15 जुलाई तक कालामांजन, गिरजापुर, कुदरगढ़, बभना एवं पालदनौली में किया जाना है। विकासखण्ड प्रतापपुर में शिविर का आयोजन 01 से 02 जुलाई तक ग्राम भेल कच्छ, रमकोला, बरपटिया, दुलदुली, बोंगा, गोविंदपुर, नरोला, धुम्माडांड एवं धुरिया में, 03 जुलाई को ग्राम डांडकरवां, धोधा, गोर्वधनपुर, रामपुर, चांचीडांड-2, रेवटी, पहाडकरवां, भेडिया एवं बटई में, 04 जुलाई को ग्राम गोरगी, गिरिया, जजावल, अंजनी, पकनी, देवरी, मायापुर, डोमहत, सेमई, दरहोरा, नवाधक्की, चन्दौरा एवं घाटपेण्डरी में, 05 जुलाई को ग्राम लोलकी, खुंशी, पहिया, मानी, बरौल, अमनदोन, करंजवार, सरहरी, खोरमा एवं डुमरखोली में, 06 जुलाई को सेमराकलां, सिलौटा शिवपुर, सौतार, खैराडीह, खुजरी एवं बैकोना में, 07 से 08 जुलाई तक ग्राम

### जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए लिया गया निर्णय

चांडीडांड, टुकुडांड, , पडीपा, सोनपुर, मसगा, नवाडीह, कनकनगर, बुढ़ाडांड, बरबसपुर, करसी, मकनपुर एवं सिलफिली में, 09 से 10 जुलाई तक ग्राम गणेशपुर, मदननगर, धरमपुर, बगड़ा, पलढा, माडीडांड, कोटेया, गौरा, सिंघरा, मानपुर, गोटगावा में, 11 जुलाई को पंपापुर, केरता, जगन्नाथपुर, खडगवाकला, चन्द्रपुर, सुखदेवपुर बोझा में, 12 जुलाई को सोनगरा, श्यामनगर, सकलपुर, शंकरपुर, मायापुर, झिंगादोहर, बंशीपुर, दुरती, मरहटा, सेंधापारा, पंडरीडांड एवं कोरंधा में, 13 से 15 जुलाई तक केंवरा, पार्वतीपुर, दवनकरा, परमेश्वरपुर, हरिहरपुर, माटिगढ़ा, सेमराखुई, पोड़ी, सत्तीपारा, सिंगरी में किया जाना है। विकासखण्ड प्रेमनगर में शिविर का आयोजन 01 से 02 जुलाई तक गौरीपुर, नवापाराकला, खजूरी, कनकपुर में, 03 जुलाई को कंचनपुर एवं अन्नापूर्ण में, 04 से 05 जुलाई तक ग्राम चंदनगर, अभयपुर, सलका, नमना में, 06 जुलाई को ग्राम सारसताल में, 07 जुलाई को ग्राम नवापाराखूर्द एवं दुर्गापुर में, 08 से 09 जुलाई तक हरिहरपुर, महेशपुर, लक्ष्मणपुर एवं रामेश्वरनगर में, 11 से 12 जुलाई तक ग्राम तारा, शिवनगर, मेण्ड्रा एवं कांटारोली में , 13 से 15 जुलाई तक कोतल, उमेश्वरपुर, पार्वतीपुर, लक्ष्मीपुर, वृन्दावन, अनन्तपुर एवं बकालो में किया जाना है। विकासखण्ड रामानुजनगर में शिविर का आयोजन 01 से 02 जुलाई तक ग्राम पटना, आमगांव, कोट, साल्ही, चन्दरपुर, तेलसरा, बिशुनपुर, सागरपुर एवं रामपुर में, 03 से 04 जुलाई तक ग्राम पम्पानगर अक्षयपुर, द्वारिकापुर, गोकुलपुर, लब्जी, केशवपुर, रामेश्वरम, दवना, सरईपारा में, 05 से 06 जुलाई तक परशुरामपुर, राजापुर, मोहनपुर, सेन्दुरी एवं पतरापाली में, 07 से 08 जुलाई तक ग्राम गणेशपुर, पंचवटी, रामतीर्थ, हनुमानगढ, बरबसपुर एवं परमेश्वरपुर में, 09 से 10 जुलाई तक धनेशपुर, कललपुर एवं गोविन्दपुर में, 11 से 12 जुलाई तक तिवरागुडी, मकरबंधा, पिवरी एवं बकना में, 13 से 15 जुलाई तक ग्राम जगतपुर अर्जुनपुर मदनपुर, छिदिया एवं पवनपुर में किया जाना है। विकासखण्ड सूरजपुर में शिविर का आयोजन 01 से 03 जुलाई तक ग्राम देवीपुर, नयनपुर, चंपनगर, चंदरपुर, पतरापारा, नवगई एवं सरस्वतीपुर में, 04 से 06 जुलाई तक ग्राम करमपुर, कसकेला, बिहारपुर, पार्वतीपुर, जुडवानी में, 07 से 10 जुलाई तक ग्राम भरतपुर, मानी, पोड़ी, जोबगा, लाछा, केतका, बेलटिकरी, लांची एवं गेतरा में, 11 से 13 जुलाई तक ग्राम तुलसी मोहनपुर, हरिपुर, मंजीरा,छतरपुर, रामेश्वरपुर एवं पोडिपा में, 14 से 15 जुलाई तक ग्राम पंडोनगर, पहाडगांव, गोरखनाथपुर, आमागांव संबलपुर एवं सोनवाही में किया जाना है।

## छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल बूढ़ातालाब का करेगा विकास

**रायपुर।** बूढ़ातालाब में विकास कार्य रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कराये जाने के उपरांत एम.आई.सी. एवं सामान्य सभा के अनुमोदन के पश्चात् माह नवम्बर 2023 में छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल रायपुर को हस्तांतरित किया गया है। हस्तातरण के शर्त के अनुसार रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा निर्मित सभी अधोसंरचनाओं / संपत्तियों / सामाग्रियों/ उपकरणों का गुणवत्ता के साथ रखरखाव कार्य छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, रायपुर द्वारा किया जाना है।

# बारिश के तेवर से कई इलाके जलमग्न, कुछ स्थानों पर लगा जाम, गाड़ियां भी डूबी

**कोरबा।** आषाढ़ के रंग अब लोगों को भरपूर देखने को मिल रहे हैं पिछली रात से शुरू हुई बारिश दूसरे दिन भी क्रमबद्ध रूप से जारी है। ताबड़तोड़ बारिश में कोरबा नगर के अलावा आसपास की कई बस्तियों को जलमग्न कर दिया। कुछ इलाकों में जल जमाव के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। बालको नगर के लाल घाट और मटेरियल गेट रिंग रोड पर इस तरह हालात बने हुए हैं। पहले की तरह इस बार भी भारी बारिश के कारण कोरबा के आरएसएस नगर में जल प्लावन के कारण कई गाड़ियां तैरती हुई नजर आई। कुछ लोगों ने इसका मजा लिया लेकिन जिन्हें नुकसान हुआ वह परेशान दिखे।





अनुमान है कि पिछली रात से अब तक हुई बारिश का आंकड़ा 25 मिमी से ऊपर जाने का अनुमान है। मौसम विभाग के द्वारा घोषित किए गए येलो अलर्ट का रंग कहना होगा कि बुधवार दोपहर से ही बारिश की निरंतर बनी रही। बीच में कुछ अंतराल रहा लेकिन रात्रि से बारिश ने जो गति पकड़ी, वह कम होने का नाम नहीं ले रही है। काफी तेज रफ्तार से बारिश होने के नतीजे कोरबा शहर से लेकर जिले का कोना-कोना तरबतर हो गया। निचली बस्तियों में पानी का प्रवेश करने से वहां अजीब हालात पैदा हो गए। इस वजह से लोगों की रात भी खराब हुई और दिन में उन्हें ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे लोगों को अपने घरों में प्रवेश करके पानी को निकालने के लिए जाया करना पड़ा। कोरबा के सीतामढ़ी, केवट मोहल्ला, धनवारपारा, इमली डुग्गू, नाडियाखड़, राताखार के अलावा उपनगरी क्षेत्र में कई स्थान पर बरसाती पानी के इकखट्टे होने से लोग परेशान हो गए। कोरबा शहर के आरएसएस नगर क्षेत्र में सेंट पेनल्टी स्कूल की ओर जाने वाले रास्ते मे जल जमाव की स्थिति बन गई। इन सब के बीच कई गाड़ियां पानी में तैरती दिखाई दी। जबकि कई घरों में पानी घुस जाने से लोग परेशान हुए। जानकारी में बताया गया कि कोरबा जिले के अल्युमिनियम सिटी बालको नगर इलाके में जबरदस्त बारिश लोगों ने इस सीजन में पहली बार देखी।



प्लांट की तरफ से होकर आने वाले एक नाला के ओवरफ्लो होने से लालघाट-रिंगरोड पर दोनों तरफ गाड़ियों का जाम लग गया। कुछ यही स्थिति इसी मार्ग पर आगे भारत अल्युमिनियम प्लांट के मटेरियल गेट के सामने बनी रही। यहां ढलान वाला हिस्सा होने के कारण दो-तीन तरफ से पानी की बड़ी मात्रा आ जाने से आवागमन बाधित हो गया। मुख्य मार्ग से लेकर प्लांट गेट तक सैकड़ो की संख्या में गाड़ियों की लाइन लग गई। इसके चलते सामान्य आवागमन पर भी असर पड़ा।

## कई स्थान पर कच्चे मकानों को नुकसान

भारी वर्षा होने से उन मामलों में लोगों को नुकसान होने की खबर मिली है जो आर्थिक कारणों से कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं। काफी समय तक बारिश और नमी के प्रभाव से इन पर बुरा प्रभाव पड़ा। कोरबा शहर के अलावा उप नगरों और अंचल में कुछ मकान की दीवारों के अलावा उनके दूसरे हिस्से इस बारिश के चलते ध्वस्त हुए हैं। लोगों की चिंता इस बात को लेकर अभी तो शुरुआत में इस प्रकार की स्थिति है। आने वाले दिनों में पता नहीं क्या होगा।

# नागरिक पर टूट पड़े दो मवेशी, किसी तरह बचा



**कोरबा।** एक दिन पहले ही नगर निगम की ओर से कहां गया था कि कोरबा की सड़कों को मवेशियों से मुक्त किया जाएगा और अन्य मामले में पशुपालकों के खिलाफ एक्शन होगा। इसके ठीक अगले दिन कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बस स्टैंड के नजदीक रिफ्यूजी कॉलोनी इलाके में दो मवेशियों का एक नागरिक पर अचानक टूट पड़ना यहां से आने आने वाले लोगों के लिए हैरानी का कारण बन गया। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने उस व्यक्ति की जान बचाई।

जानकारी के अनुसार घटना आज सुबह हुई। बताएंगे कि कुछ देर के लिए बारिश थमने पर इस रास्ते से एक व्यक्ति बाइक पर जा रहा था। एक अन्य व्यक्ति उसके पीछे पैदल था। इसी क्षेत्र में मौजूद दो मवेशियों ने एकाएक पैदल चल रहे व्यक्ति को निशाने पर लिया। उसे पहले टक्कर मारी। अनायास हुई घटना से व्यक्ति नीचे गिर पड़ा। इसके बाद जो हुआ उसने लोगों को चिंता में डाल दिया क्योंकि दोनों मवेशी अपने पैरों से उस पर लगातार हमला करते नजर आए। जिसने भी इस सीन को देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए। किसी तरह अन्य लोगों ने हिम्मत जुटा और मवेशियों को यहां से हटाने का काम किया और सड़क पर पड़े व्यक्ति को अलग किया, तब कहीं जाकर उसकी जान बच सकी। बताया गया कि उसे नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया है।

## स्कूलों के पास तंबाकू उत्पाद बिके तो खैर नहीं

**कोरबा।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने राताखार क्षेत्र के विद्यालयों और आसपास की दुकानों का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि यहां पर तम्बाखू उत्पाद व गुटका बिल्कुल न बेचें, अन्यथा लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे।निगम में उक्त अभियान के नोडल अधिकारी उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि शहर के कोरबा व टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत लगभग 30 से अधिक विद्यालयों, कालेज व अन्य शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में स्थित दुकानों, ठेलों आदि का निरीक्षण निगम अमले के द्वारा किया गया तथा बीडी सिगरेट गुटका सहित अन्य तम्बाखू उत्पाद व नशीली सामग्रियाँ जप्त की गई।

## अंधेरे में पानी लाने को मजबूर हुई हास्टल की छात्राएं



**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा स्थित कस्तुरबा गांधी पोस्ट मैट्रिक हास्टल की छात्राओं को बारिश के मौसम में भीगते हुए अपने उपयोग के लिए पानी लाने को मजबूर होना पड़ा, वह भी अंधेरे में। 12 घंटे से बिजली गुल के कारण यह परिस्थिति पैदा हुई। सरपंच सहेत्तर सिंह राज का कहना है कि अगर उन्हें समस्या बतायी गई होती तो टेंकर का विकल्प दिया जाता।

खबर के अनुसार पिछली रात लगभग 8.30 बजे छात्राओं को समूह में पानी लाते हुए देखा गया। उनके हास्टल से हेंडपंप की दूरी ढाई सौ मीटर है। इस पूरे रास्ते में रौशनी की व्यवस्था नहीं है। बताया गया कि मौसम खराब होने के कारण यहां बिजली आपूर्ति बाधित है। इसके चलते हास्टल का बोर काम नहीं कर रहा है। पानी की कमी से छात्राओं के कामकाज बाधित हो गए। इसलिए उन्हें पानी के लिए अंधेरे में पदयात्रा करनी पड़ी। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी सिस्टम की नाकामी को उजागर किया है।

# गौरव पथ हुआ कीचड़मय, छात्रों से लेकर कर्मी और नागरिक परेशान

## स्कूल, कॉलेज व बाजार के लिए यहां से होती है आवाजाही

**कोरबा।** प्रदेश सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए फंड से पिछले वर्षों में पूर्व जिले के दीपका नगर पालिका क्षेत्र में गौरव पथ का निर्माण भले ही कर दिया गया लेकिन इसकी स्थिति देख कर ऐसा लगता नहीं की यहां गर्व करने वाला कोई विषय हो। इस मौसम में गौरव पथ कीचड़ से बुरी तरह सन गया है और हर कोई इससे परेशान है।



कोयलांचल दीपिका में सरकार की योजना के अंतर्गत गौरव पथ का निर्माण कर तो दिया गया लेकिन यह अपनी संकल्पना पर खड़ा साबित नहीं उतर सका। दीपिका थाना चौक से बजरंग चौक से ठीक पहले के हिस्से में गौरव पथ को बीते वर्षों में आकार दिया गया। दूसरे नगरों की तर्ज पर यहां इसका काम हुआ। उद्देश्य था कि एक ऐसा पथ तैयार हो, जहां से गुजरने वाला हर व्यक्ति इस पर गौरव की अनुभूति कर सके। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। पहले से ही समस्या ग्रस्त बने हुए इस रास्ते पर गौरव पथ का सिंबल जरूर लग गया लेकिन हालात जस के तस हैं। बाकी कसर बारिश के मौसम ने पूरी कर दी है। मौजूदा स्थिति में सर्वत्र कोल्डस्ट और बारिश के पानी से काली तस्वीर बन गई है। खास बात यह है कि इसी रास्ते से होकर विद्यार्थी स्कूल और कॉलेज पहुंचते हैं। बाजार के लिए भी लोगों को यहां से जाना पड़ता है नगर पालिका कार्यालय का रास्ता भी यहां से होकर बनाया गया है। ऐसे में हर कोई इस रास्ते का इस्तेमाल करने के साथ परेशान होता है। लोगों ने कई मौके पर इस इलाके की समस्या को लेकर प्रशासन से शिकायत की और सुशासन अभियान में भी अपनी बात रखी लेकिन कोई परिणाम नहीं आ सके।

### गिरते हैं लोग यहां पर

गौरव पथ में बनी हुई समस्या के कारण हर दिन यहां पर बच्चों से लेकर युवा और उम्र दराज लोग आना-जाना करने के दौरान गिर जाते हैं। कोल डस्ट और मिट्टी से बने हुए कीचड़ में फिसलन की समस्या ज्यादा हो गई है। इस तरह की घटनाओं के कारण लोगों के कपड़े खराब हो जाते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए विहिप ने लगाए पौधे



**कोरबा।** 2 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद व मातृशक्ति के द्वारा हार्मोनी स्कूल दादर खुर्द में वृक्षारोपण किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला सह मंत्री राज नारायण गुप्ता, मातृ शक्ति की जिला संयोजिका सुश्री ममता सन्याल, बजरंग दल के जिला संयोजक राणा मुखर्जी एवं अन्य कार्यकर्तृता व स्कूल के प्रिंसिपल एवं शिक्षक, शिक्षिका बच्चें उपस्थित रहे। राज नारायण गुप्ता ने बच्चों को वृक्षारोपण से माध्यम से स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के महत्व को विस्तार से समझाया गया एवं उसकी आज के समय में उपयोगिता को समझाया गया। आज पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण कितना आवश्यक यह समाज को समझने के लिए, समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद विभिन्न स्थानों पर बरसात के मौसम में वृक्षारोपण करता है और समाज को प्रेरित करता है विहिप आगे भी समाज के साथ मिलकर निरंतर वृक्षारोपण करता रहेगा एवं समाज को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा अटल आवास

**कोरबा।** अंत्योदय यानी समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को विकास के मुख्य धारा में शामिल करने के लिए सरकार कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। अटल आवास योजना इसी का एक हिस्सा है जिसके अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया में वंचित वर्ग को अवसर दिया गया है। लेकिन देखने को मिल रहा है कि यह इलाका अड्डा बनता जा रहा है। बताया गया कि यहां के अनेक आवास वास्तविक हितग्राहियों ने छोड़ दिए हैं। दूसरों का कब्जा उनमें हो गया है। अराजक तत्वों का बसेरा मौके पर होने से अप्रिय स्थिति बन रही है। बताया गया कि नशा करने के बाद ऐसे तत्व यहां पर मारपीट करने के साथ लूटपाट तक करने में पीछे नही रहते। हाल में हुई कुछ घटनाओं में यह चीज सार्वजनिक हुई है और अधिकारियों का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराया गया है। लोगों ने बताया कि जिस तरह की हालात बने हुए हैं इस वजह से संभ्रांत लोग अटल आवास का मोह त्यागने की मानसिकता बना रहे हैं। यहां बताना आवश्यक होगा कि पिछले दिनों इस इलाके में चाकू बाजी से लेकर हत्या जैसी घटनाएं भी हो चुके हैं और सिविल लाइन पुलिस ने इन पर अपराध दर्ज करने के साथ आगे की कार्रवाई की है। यह बात अलग है कि अपराधिक तत्वों पर नकेल करने के लिए पुलिस को जिम्मेदारी दी गई है लेकिन अटल आवासों के मामले में जो कुछ समस्याएं कायम है, उनका समाधान करना प्रशासन और पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

## मंदिर को बनाया निशाना, एक आरोपी से सामान बरामद

**कोरबा।** हरदीबाजार के सरईसिंगार इलाके में हनुमान मंदिर के मेन गेट का ताला तोडने के बाद भीतर घुसकर दानपेटी से रकम पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। उसके कब्जे से चोरी का सामान व नगदी रकम बरामद की गई है।

हरदीबाजार थाना प्रभारी मृत्युंजय पाण्डेय ने बताया कि सरईसिंगार के 22 वर्षीय हरप्रसाद भट्ट को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। उसके विरूद्ध धारा 331 (4), 305 घ बीएनएस के अंतर्गत अपराध क्रमांक 117/25 दर्ज किया गया था। 1 जुलाई को संजय राठौर ने इस बारे में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया गया था कि 25 जून की रात 8.30 बजे शयन आरती के बाद वह मंदिर में ताला लगाकर घर चला गया था। अगली सुबह यहां मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ पाया। दानपेटी भी क्षतिग्रस्त स्थिति में मिली। उसमें लगभग 5 हजार रुपए नगद थे जो गायब कर दिए गए। पीतल का दीपक व अन्य सामान भी यहां पर नहीं मिले। मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही थी। इस दौरान एक सूचना के आधार पर हर प्रसाद भट्ट के बारे में जानकारी मिली। पूछताछ में उसने मंदिर से चोरी करने की बात स्वीकार की। उसके कब्जे से चोरी की गई नगदी रकम व अन्य सामान बरामद किया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया।

# वन कर्मचारी संघ का चुनाव 6 को, अध्यक्ष पद के लिए कमलेश व बलराम के बीच मुकाबला

**कोरबा।** छग वन कर्मचारी संघ की कोरबा जिला इकाई का चुनाव आगामी 6 जुलाई को होगा। यहां अध्यक्ष पद पद के लिए कमलेश कुम्हार एवं बलराम कुर्रे के बीच मुकाबला है। दोनों ने अपनी दावेदारी पेश करने के साथ प्रचार प्रसार तेज कर दिया है तथा सदस्यों से अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे हुए है। इससे पहले संघ की 29 जून को आमसभा बुलाई गई थी, जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के चयन के संबंध में चर्चा की गई लेकिन किसी नाम पर आम सहमति नहीं बन पाने के कारण चुनाव की स्थिति बनी है और इसके लिए 6 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। इस दिन चुनाव होगा और वोटो की गिनती के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। चुनाव संघ के जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी कु. आरती तिर्की तथा पर्यवेक्षक परवेन्द्र कुमार रजक की देखरेख में होगा। छग कर्मचारी संघ का चुनाव पूरे प्रदेश में 3 चरणों में हो रहा है। यह तीसरा चरण का चुनाव है जिसमें कोरबा जिला शामिल है। इससे पहले दो चरणों में अधिकाशं जिलों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर वन कर्मियों में खासा उत्साह है।

### विनय मोहन पराशर का निधन



**कोरबा।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख, संघ के बाल स्वयंसेवक, संघ के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने वाले विनय मोहन पराशर का आज सुबह निधन हो गया। बताया जा रहा हैं की गत रात्रि लगभग 11 बजे अचानक उनके सिर में दर्द हुआ, उसके पश्चात उनका ओजोन अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली।

## समस्याओं की जानकारी कब लेंगे अधिकारी, पूछा अश्विनी ने

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अंतर्गत कटाइनार 01 के पार्षद अश्विनी मिश्र ने नगर पालिका के चीफ म्युनिसिपल ऑफीसर जानना चाहा है कि उनके सहित दूसरे वार्डो की समस्याओं का जायजा लेने का काम आखिर कब किया जाएगा।

पार्षद ने कहा है क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग के लिए भी जोर दिया जाता रहा है लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा की ऐसी स्थिति में अधिकारियों को इलाके के बारे में जमीनी जानकारी नहीं हो सकेगी। इसके बावजूद अगर वे किसी इलाके का अचानक निरीक्षण करने पहुंचेंगे तो उनके सामने समस्याएं होंगी और फिर जनता के सवालों का जवाब देते नहीं बनेगा। अश्विनी ने अधिकारी को पत्र लिखकर इस बारे में अवगत कराया है और कहां कि इलाके से संबंधित समस्याओं को जानने के साथ उनके समाधान की दिशा में गंभीरता दिखाने की जरूरत है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com